हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 22 दिसंबर 2025



# वनांचल में तनाव: अतिक्रमण पर कार्रवाई से बौखलाए ग्रामीण, वन और पुलिस कर्मियों पर डंडे-पत्थर से किया हमला, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के सीतागांव में रविवार सुबह 10 बजे वन भूमि के अवैध कब्जा हटाने पहुंची फॉरेस्ट तथा पुलिस विभाग की टीम को ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। कार्रवाई के दौरान वन अमला जेसीबी के साथ मौके पर पहुंचा। जिससे कब्जाधारियों और विभागीय अमले के बीच तीखी गहमा-गहमी हो गई। स्थिति बिगड़ता देख मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया, लेकिन इसके बावजूद आक्रोशित ग्रामीणों ने पथराव शुरू करते फॉरेस्ट बल तथा पुलिस जवानों पर हमला कर दिया है। ग्रामीणों ने जेसीबी सहित अन्य सरकारी गाड़ियों पर पत्थर और डंडों से हमला कर उसे मौके से खदेड़ दिया।

इस दौरान ग्रामीण महिलाओं की संख्या अधिक रही और वे सबसे ज्यादा आक्रोशित नजर आई। घटनास्थल पर ग्रामीणों, वन विभाग और पुलिस के बीच जमकर नोकझोंक व धक्का-मुक्की हुई। हालात दिनभर तनावपूर्ण बना रहा। वहीं पुलिस और वन विभाग के अफसर स्थिति को नियंत्रित करने में जुटे रहे। आक्रोशित भीड़ ने डंडा और पत्थर से वन अमला तथा पुलिस जवानों को चोंट भी पहुंचाया है। स्थिति पर कलेक्टर तुलिका प्रजापति, पुलिस अधीक्षक वायपी सिंग, डीएफओ दिनेश पटेल नजर रखे हुए हैं। एसपी वायपी सिंग व डीएफओ दिनेश पटेल ने जानकारी देते बताया की स्थिति को संभाल लिया गया है। भारी तादाद में पुलिस बल तैनात किए गए हैं। फिलहाल अतिक्रमण की कार्रवाई को रोक दिया गया है।

सीतागांव में बिगड़ा माहौल, भारी संख्या में पुलिस बल तैनात





### फॉरेस्ट अफसर हुए घायल

अफसरों से मिली जानकारी के अनुसार आक्रोशित भीड़ द्वारा पत्थरबाजी, झूमाझटकी, डंडा भांजने के दौरान मानपुर कष्ठागार डीपो की रेंज अफसर हेमलता उइके, मानपुर डिप्टी रेंजर नमिता केराम, अंबागढ़ चौकी चिल्हाटी बीट के डिप्टी रेंजर मेघनाथ निषाद घायल हुए हैं। जिनका मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराया गया है। इधर आज के संघर्ष के बाद खबर लिखे जाने तक सीतागांव थाना में उपद्रवियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की तैयारी की जा रही थी।

**दो घरों में चल चुका था बुलडोजर:** दक्षिण मानपुर वन परिक्षेत्र सीतागांव में अवैध कब्जे को लेकर 13 लोगों को नोटिस दिया गया था। आज सुबह 10 बजे अंबागढ़ चौकी रेंज तथा उत्तर मानपुर, दक्षिण मानपुर वन विभाग की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर बुलडोजर लेकर पहुंची और दो कच्चे मकानों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई प्रारंभ की, तभी ग्रामीणों का आक्रोश उमड़ा और ग्रामीणों की तरफ से देखते ही देखते झूमा-झटकी के साथ पत्थर-डंडा चलना शुरू हो गया। माहौल के बिगड़ने के बाद अतिक्रमण पर कार्रवाई को वन महकमे ने स्थगित कर दिया है।

### साजिश या विरोध!

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के सीतागांव में प्रशासन और वन विभाग की बड़ी कार्रवाई प्रारंभ हुई है। भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 80 (अ) के तहत वन भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर कड़ा प्रहार किया गया है। सीतागांव के वन भूमि पर अतिक्रमण तोड़ने के विरोध मे सीतागांव सहित आसपास के लोग भारी संख्या में आज उपस्थित थे। बताया गया कि इस भीड़ में कांकेर जिले के बड़गांव-पखांजूर एरिया के भी लोग विरोध में शामिल हुए थे।

# पिछले साल के 16 हजार क्विंटल धान का गबन, राजा राईस मिल पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के सोमनी समीप खुटेरी में स्थित राजा राईस मिल में पिछले साल का लगभग 16 हजार क्विंटल धान कम पाया गया है। प्रशासनिक जांच के मुताबिक मिलर ने उक्त धान का गबन कर लिया है। जिसके बाद उसके खिलाफ संबंधित अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर धान के अवैध तस्करी के खिलाफ जारी अभियान के तहत एक टीम को खुटेरी स्थित राजा राईस मिल भेजा गया था। मिल में संचालक के उपस्थित नहीं होने पर मुंशी की उपस्थिति में जांच की गई। टीम ने यह देखा कि राईस मिल में कितना धान का स्टॉक है और कितना चावल रखा हुआ है। उसका मिलान पिछले साल के रिकार्ड से किया गया।



### 65 हजार क्विंटल धान का किया था उठाव

बताया गया कि राजा राईस मिल द्वारा पिछले साल 65 हजार क्विंटल धान का उठाव किया गया था। जिसके बदले उसने अब तक 22583 क्विंटल चावल जमा करा दिया है। वहीं 21377 क्विंटल चावल जमा करना शेष है। जिसके लिए मिल में 31905 क्विंटल धान होना चाहिए था, परन्तु मिल में 10880 क्विंटल धान ही स्टॉक था। ऐसे में शेष 16070 क्विंटल धान का गबन किया जाना पाया गया।

एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
NABH Certified
24x7 Emergency Services
श्वसन चिकित्सा, एलर्जी और निद्रा चिकित्सा विभाग
डॉ. तिलेश खुसरो
MBBS
MD (Respiratory Medicine)



रोग
- निमोनिया
- दमा (COPD अस्थमा)
- टी.बी. (क्षयरोग )
- नींद संबंधी विकार (Sleep Apnea)
- एलर्जी
- एलर्जिक ब्रोंकाइटिस
- फेफड़ों का कैंसर एवं अन्य विकार

उपलब्ध सेवाएँ
- प्ल्यूरल टैपिंग
- इंट्रा प्ल्यूरल फिब्रिनोलाइसिस (IPFT)
- इंट्रा प्ल्यूरल प्ल्यूरोडेसिस
- ब्रोंकोस्कोपी
- इंटरकॉस्टल ड्रेनेज
- स्पाईरोमेट्री
- मेडिकल थोरैकोस्कोपी
- पॉलीसोम्नोग्राफी

Deepak Advts.
स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
रामनगर, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
0788-4052040 | 77730 10941
CALL FOR EMERGENCY 62691 62691

आवश्यकता है
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!
जैन मोटर्स अधिकृत विक्रेता जॉन डियर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को निम्न पद हेतु अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है।

| सेल्समैन | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 1. खैरागढ़ | 3 पद | 4. गण्डई | 3 पद |
| | 2. जालबांधा | 2 पद | 5. छुईखदान | 3 पद |
| | 3. घुमका | 2 पद | 6. साल्हेवारा | 2 पद |

नोट :- आकर्षक वेतन, मोटर साइकिल अनिवार्य.
इंटरव्यू दिनांक 24/12/2025 स्थान-खैरागढ़
संपर्क स्थल : जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
9977184777, 8120006476, 9406011166

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज़ मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता-गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - केंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड , **भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

AOI AMERICAN ONCOLOGY INSTITUTE PRECISION CANCER CARE | BCR



दक्षिण एशिया एवं भारत के अग्रणी संस्थान के **कैंसर विशेषज्ञ** अब आपके शहर **राजनांदगांव** में उपलब्ध रहेंगे।

यदि आप किसी भी लक्षण से प्रभावित हैं तो हमारे विशेषज्ञ से सलाह लें।

- अचानक व अकारण वजन घटना
- मुंह व गले में नियमित खराश, छालों का लम्बे समय तक ठीक न होना
- पेट में लगातार दर्द, मल में खून का आना या खान-पान में परेशानी
- आवाज में अचानक बदलाव
- स्तन के आकार, रंग में परिवर्तन, स्तन में गठान, लगातार दर्द व दर्द रहित खाँसी
- महिलाओं की बच्चेदानी में सूजन या गठान

संपर्क करें :-
पारख नर्सिंग होम
लाल बाग, स्ट्रीट नंबर 1,
राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ – 491441
दोप. 01 बजे से दोप. 1.30 बजे तक
24 दिसम्बर, 2025
78989 85617, 79741 36495



डॉ. सौरभ जैन
MBBS, MS (Gen. Surgery),
DrNB - Surgical Oncology
Fellowship in Thoracic Surgical Oncology
(Tata Memorial Hospital, Mumbai)
Consultant - Surgical Oncologist

हमारी सुविधाएं: कैंसरी सर्जरी, किमोथैरेपी, रेडियोथैरेपी, पेट स्कैन
अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टिट्यूट
बी.सी.आर. सुपर स्पेश्यालिटी हॉस्पिटल, पंजाब केशरी भवन, जोरा-रायपुर 492012 (C.G.)
www.americanoncology.com | Follow us on

## खबर संक्षेप

### नजूल की जमीन पर अतिक्रमण

**डोंगरगढ़।** अछोली में एक विशेष ने नजूल की जमीन पर कब्जा कर लिया है। पिछले 20 सालों में पहले झंडा लगा कर जगह को घेरना शुरू किया गया था। अब स्थाई निर्माण करते हुए मकान और दुकान भी बना लिया गया है। यहां धर्म विशेष के लोगों की आवाजाही बढ़ गई है। यहां विभिन्न धार्मिक आयोजन भी किए जा रहे हैं। वार्डवासी उक्त जगह को खाली कराने एकजुट हो रहे है। नगर पालिका के जनप्रतिनिधि जगह खाली कराकर बस स्टॉप के अलावा दुकान बनाने की तैयारी में हैं।

### सफाई कर पोस्टमार्टम भवन को बनाया उपयोगी



**अंबागढ़ चौकी।** स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत स्वच्छता दीदियों एवं नगर पंचायत के कर्मचारियों ने तीन घंटे तक श्रमदान कर पोस्टमार्टम भवन की सफाई कर उसकी तस्वीर बदल दी। सफाई के बाद यह भवन अब स्वास्थ्य एवं पुलिस कर्मियो के लिए उपयोगी हो गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के मार्गदर्शन में हर शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। बीते शनिवार को कर्मचारियों ने पोस्टमार्टम भवन में प्रातः 8 से 11 बजे तक सफाई अभियान चलाया। अभियान में नगर अध्यक्ष के अलावा सीएमओ विजय पांडेय, बीएमओ डॉ आरआर ध्रुवे, उपयंत्री योगेश्वरसिंह ठाकुर, लोकेश सलामे, सुनील कोमरे, प्रकाश खिलाडी, लिलेश ठाकुर, रामुकमार देवांगन, श्री खरे के अलावा बडी संख्या में स्वच्छता दीदी शामिल हुई।

### मेढ़ा में सुशासन शिविर आज

**मेंढ़ा।** सुशासन सप्ताह के तहत ग्राम पंचायत मेढ़ा में कल 22 दिसंबर को शिविर का आयोजन रखा गया है। शिविर में ग्रामीणों से समस्याओं, मांग और शिकायत के आवेदन लिया जायेगा। समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभागों द्वारा किया जाएगा। ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में बताया जाएगा।

## निधन

### शेख सराजुद्दीन मास्टर



**छुईखदान।** नगर के सेवानिवृत्त प्रधानपाठक शेख सराजुद्दीन मास्टर का रविवार को सुबह लगभग 7 बजे निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे तथा कुछ दिनों से अस्वस्थ थे।शिक्षा के क्षेत्र में दीर्घकालीन योगदान के कारण उन्हें विशेष सम्मान प्राप्त था। लोग उन्हें बड़े मास्टर के नाम से जानते थे। वह अपने पीछे एक पुत्र, दो पुत्रियां का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। दोपहर बाद नमाज असर में उनका टिकरीपारा स्थित मुस्लिम कब्रस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। उनके निधन पर सज्जाक खान, शेख निजामुद्दीन, हाफिज इलियास अहमद रिज़वी, शेख इब्राहिम हाफिज, सरीफुल हक सहित अन्य ने शोक व्यक्त किया है। वह जुनेद खान और रेणु खान के दादा थे।

### राधा हिरवानी



**डोंगरगांव।** मुजगहन निवासी पूर्व पटवारी स्व. परसराम हिरवानी की धर्मपत्नी एवं नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष गुलशन हिरवानी की माता राधा हिरवानी का 80 वर्ष की अवस्था में 21 दिसंबर को सुबह 7.30बजे निधन हो गया। श्रीमती हिरवानी अपने पीछे महेन्द्र हिरवानी, गुलशन हिरवानी, ज्ञानेश्वर हिरवानी, कुमारिल हिरवानी, गजेंद्र हिरवानी, डिकेश्वर हिरवानी का भरापूरा परिवार छोड़ गई है। उनके निधन पर जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने शोक व्यक्त किया है।

# सोलर लाईट से 15 गांव की गलियों और चौराहों में फैल रहा उजियारा

## एचडीएफसी बैंक और समर्थ चेरिटेबल ट्रस्ट की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेलगांव

डोंगरगढ़ विकासखंड के 15 गांव की गलियां, चौक- चौराहे और तिराहे सौर स्ट्रीट लाइट से रौशन हो रहे है। गांवों में रौशनी बिखरने का कार्य एचडीएफसी बैंक परिवर्तन द्वारा किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पहले गांव की अधिकांश गलियां, चौराहा अंधेरे में डूबे रहते थे। पूर्व गलियों में सड़क बत्ती लगाया गया था किन्तु पंचायत के बिल जमा नहीं कर पाने के कारण अधिकांश गांव की लाईट बंद हो गई है। बैंक की पहल के बाद गलियों में सौर स्ट्रीट लाइट जगमगा रही है जिसका सीधा लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है।



### बिजली बिल से मुक्ति

जानकारी के अनुसार सौर ऊर्जा को रिचार्जेबल बैटरी में संग्रहित किया जाता है और रात में प्रकाश के लिए इसका उपयोग किया जाता है। इस पहल से गांव में रौशनी बिखर रही है किन्तु पंचायत को किसी प्रकार का बिल अदा नहीं करना पड़ेगा। इस कार्य को प्रोजेक्ट मैनेजर भैयासिंह झारे, सोशल मोबिलाइजर नंदलाल साहू, कृषि एक्सपर्ट सोमनाथ चावले, प्रिया आनंद के मार्गदर्शन में पूरा किया गया।

### 15 गांव में पहल

जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ ब्लॉक के 15 गांव में समग्र ग्रामीण विकास परियोजना के तहत एचडीएफसी बैंक परिवर्तन द्वारा सोलर लाईट लगवाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट और एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के द्वारा 15 गांव में सौर ऊर्जा लाइट लगाया जा चुका है।



### ग्रामीणों में खुशी की लहर

बेलगांव के अंकिता गोस्वामी, अछोली की वैशाली कोचे , मुरमुंदा के कुंदन निषाद, भोथली के नेहरू देवांगन, कालकसा के मुकेश साहू, देवकट्टा की तनुजा पटेल, रीवागहन की आरती वर्मा, शिवपुरी की राजिंदर कौर, शिवनीकला की साक्षी, सहसपुर की कविता, बिजनापुर की किरण, पुरैना की सोनिया वर्मा, मनकी के मुकेश साहू, खुर्शीपार के तोमेश्वर, बिल्हरल्के प्रदीप सिन्हा सहित अन्य ने सीआरपी कार्य की प्रशंसा करते हुए समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट, एचडीएफसी बैंक परिवर्तन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### धान खरीदी बाधित होने की बढ़ने लगी आशंका

# खरीदी केन्द्रों में बफर लिमिट से ज्यादा धान, परिवहन शुरू नहीं

## सोसाईटियों में बढ़ रही सूखत की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

धान खरीदी शुरू हुए माह भर से भी अधिक का समय हो गया है किन्तु उठाव सुस्त होने से केन्द्रों में जाम की स्थिति देखने मिल रही है। बीते कुछ दिनों में थोक में टोकन जारी करने के बाद केन्द्रों में धान की आवक बढ़ गई है। अधिकांश उपार्जन केन्द्रों ने लक्ष्य का 40 प्रतिशत से अधिक का धान खरीद लिया है जबकी धान का उठाव कहीं शून्य तो कही 10 फीसदी से कम है। केन्द्रों में बफर लिमिट से डेढ़ से दो गुना धान का भंड़ार हो चुका है। अब धान के भंडारण की समस्या बढ़ते जा रही है। केन्द्र प्रभारी लगातार धान का उठाव करने की मांग कर रहे हैं। क्षेत्र के संड़ी, बुन्देली, कुकुरमुडा अतरिया, पैलीमेटा, ठाकुरटोला, मोहगांव सभी जगह स्थानाभाव के चलते जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। समय रहते यहां से धान का उठाव नहीं हुआ तो धान खरीदी प्रभावित होने की आशंका है।



### सताने लगी सूखत की चिंता

धान का परिवहन नहीं होने के बाद सूखने की चिंता सताने लगी है। बताया जा रहा है कि माह भर पहले खरीदा गया धान में दो किलो तक कम हो गया है। समय पर धान का उठाव नहीं हुआ तो सूखत की मात्रा और बढ़ जाएगी। जिसकी भरपाई समिति को करना पड़ेगा।

### पिकअप पकड़ाया 40 कट्टा



**छुरिया।** क्षेत्र में अवैध धान बरामद होने का सिलसिला लगातार जारी है। नायब तहसीलदार वसीम सिद्दीकी ने 21 दिसंबर को अवैध धान के परिवहन की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंच कर पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 08 एलयह 0243 में 40 कट्टा धान बरामद किया। पूछताछ करने पर चालक ने धान को कल्लूटोला निवासी चुम्मन साहू का होना बताया। उसने यह भी बताया कि 65 कट्टा धान ग्राम लालूटोला में आर्डर पर छोड़ा था। वाहन चालक ने बताया गया कि प्रति क्विंटल 2400 रुपए के हिसाब से आर्डर लिया है। वाहन चालक के पास 40 कट्टा धान जब्त कर थाना छुरिया के सुपुर्द में रखा गया।

# किसान करेंगे हर माह महापंचायत का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

क्षेत्र में प्रस्तावित श्री सीमेंट फैक्ट्री और स्थानीय किसानों के मध्य चल रहा विवाद अब आंदोलन में बदल चुका है। जब तक इस परियोजना को रद्द नहीं कर दिया जाता तब तक आंदोलन को जारी रखने का ऐलान किया गया है। अब हर माह किसानों को दिशा निर्देशित करने विचारपुर पंडरिया मैदान में महापंचायत का आयोजन किया जाएगा।

ज्ञात हो कि जनसुनवाई निरस्त होने के बाद किसान परियोजना को रद्द करने की मांग पर अड़े हैं। शनिवार को विचारपुर में आयोजित महापंचायत में अहम निर्णय लिया गया है। आंदोलन को गति देने के लिए स्थाई समिति गठित किया गया है जिसमे प्रभावित क्षेत्र के किसानों को शामिल किया गया है। इस समिति को किसान अधिकार संघर्ष समिति का नाम दिया गया है। समिति में संरक्षक पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, अधिवक्ता मोतीलाल जंघेल, संयोजक सुधीर गोलछा, अध्यक्ष पूर्व जनपद सदस्य लुकेश्वरी जंघेल को बनाया गया है। उपाध्यक्ष कामदेव जंघेल, प्रमोद सिंह ठाकुर, राजकुमार जंघेल बनाए गए हैं। सचिव की जिम्मेदारी प्रियंका जंघेल तथा सहसचिव मुकेश पटेल को सौंपा गया है।

### फैक्ट्री समर्थकों पर प्रतिबंध

महापंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि सीमेंट फैक्ट्री के समर्थकों को किसी भी गांव में आने नहीं दिया जाएगा। गांव गांव में पोस्टर लगाया जा रहा है। महापंचायत में ग्रामीणों को अवगत कराया गया कि कम्पनी को फैक्ट्री के लिए 1010 एकड़ जमीन की आवश्यकता है। कम्पनी ने अब तक केवल 65 एकड़ जमीन खरीदा है। नेतृत्वकर्ताओं ने किसानों से किसी भी स्थिति में कम्पनी को जमीन न बेचने की अपील की है।

# सम्मेलन में एक रहे-नेक बने का आव्हान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर शिव शक्ति संगम झिथराटोला में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 12 ग्रामों के ग्रामीण शामिल हुए। समाज प्रमुखों ने सामाजिक समरसता, भाईचारे एवं एकजुटता का संदेश दिया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक जितेन्द्र शर्मा थे। उन्होंने समाज को संगठित रहने, राष्ट्रहित में कार्य करने तथा सनातन मूल्यों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। कथावाचक कृष्ण शुभम महाराज ने हिन्दू समाज को संगठित रहने, महापुरुषों के आदर्शों पर चलने एवं धर्म-संस्कृति की रक्षा के लिए सतत प्रयास करने की प्रेरित किया। इसी क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने समाज निर्माण में महिलाओं के योगदान को रेखांकित किया।



### विविध प्रस्तुतियां

कार्यक्रम अंतर्गत भव्य जलकलश यात्रा निकालकर अतिथियों का स्वागत किया गया। हवन-पूजन के साथ बच्चों ने देशभक्ति गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया। पुरामटोला के मानस परिवार द्वारा मानस गीतों एवं प्रवचनों के माध्यम से ईश्वर का गुणगान किया। इस दौरान भगवताचार्यों एवं मातृशक्तियों का सम्मान किया गया। अंत में प्रसादी वितरित की गई।

# शक्तिपीठ में हुआ पांच कुंडीय महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में 44 वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में बड़ी संख्या में गायत्री परिजन, श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। वेदमंत्रों की गूंज और आहुतियों से सम्पूर्ण वातावरण दिव्य चेतना से ओतप्रोत हो गया था। महायज्ञ का संचालन जयप्रकाश सिन्हा ने किया। इस अवसर पर गायत्री मंत्र की महत्ता, यज्ञ के आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक पक्ष तथा युग निर्माण आंदोलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। श्री सिन्हा ने कहा कि गायत्री महायज्ञ व्यक्ति के अंतःकरण की शुद्धि के साथ समाज में सदभाव, नैतिकता और सेवा भाव का विस्तार करता है।



### पत्रिका का वितरण

वार्षिकोत्सव के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ की ओर से सराहनीय पहल करते हुए श्रद्धालुओं को निःशुल्क प्रज्ञा अभियान पाक्षिक पत्रिका भेंट की गई। श्रद्धालुओं ने पत्रिका के नियमित अध्ययन एवं विचार-प्रसार करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ, प्रसाद वितरण एवं सामूहिक प्रार्थना के साथ हुआ।

## शहर और गांवों में चला राष्ट्रीय पल्स पोलिया अभियान, जनप्रतिनिधि हुए शामिल

# सघन अभियान : पोलियो से राहत दिलाने बच्चों को पिलाया गया ड्राप

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान







विकासखंड छुईखदान में रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। विकासखंड के 220 ग्रामों में 5 वर्ष तक आयु के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने कुल 118 बूथ बनाए गए थे। ब्लॉक मुख्यालय छुईखदान सहित समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों एवं ग्रामीण बूथों में जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष बघेल ने बताया कि यह अभियान तीन दिनों तक चलेगा, जिसके अंतर्गत कुल 26019 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान के दूसरे एवं तीसरे दिन ऐसे बच्चे जो बूथ पर दवा नहीं ले पाएंगे, उन्हें मितानिनों एवं स्वास्थ्य अमले द्वारा घर-घर जाकर खुराक पिलाई जाएगी।



**डोंगरगढ़।** पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत पार्षद अमित जैन ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। इस अवसर पर उन्होंने अभिभावकों से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश को पोलियो मुक्त बनाने के लिए बच्चों को ड्राप पिलाना आवश्यक है।

**सड़क अतरिया।** रविवार को पल्स पोलियो महाभियान के तहत पांच साल तक के बच्चों को ड्राप पिलाया गया। प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र घिरघोली में पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने पोलियों ड्राप पिलाकर महाभियान का शुभारंभ किया। मौके पर बीएमओ मनीष बघेल, डां. भूपेन्द्र जंघेल, डां. विनय रामटेके, बीपीएम ब्रजेश ताम्रकार ने भी बच्चों को दवा पिलाया।खैरबना में जनपद सभापति डोमार सिंह भेड़िया ने अभियान का शुभारंभ किया। इसी प्रकार पंडरिया में सरपंच जानकी तामेश्वर वर्मा, चकनार में वंदना लालचंद पटेल, कुकुरमुडा में संतोष यदु, मानपुर में बोधन सिंह मेरावी, सड़क अतरिया में आशा देवांगन, देवानंद भगत ने बच्चों को ड्राप पिलाकर महाभियान का शुभारंभ किया। नर्मदा चौक में स्वास्थ्य कर्मचारी और मितानिनों की शिविर लगाकर बस या अन्य वाहन पर सफर कर रहे बच्चों को पोलियों ड्राप पिलाया।

**सडक चिरचारी।** पल्स पोलियो अभियान के तहत बागरेकसा में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच पवन नंदेश्वर ने किया। इस मौके पर राधेश्याम, सुरेंद्र सिन्हा, रूपवती टेम्भुरकर, शीला, मुगिया, वेदबाई, सुरुज आदि मौजूद थे।

**डोंगरगांव।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत ब्लाक के 110 बूथों में जन्म से पांच आयु तक के बच्चों को ड्राप पिलाया गया। ब्लाक में 12426 बच्चों को ड्राप पिलाने का लक्ष्य निर्धारित था जिसे पूरा करने के साथ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपा गया था। नगर के पुराने अस्पताल, नए बस स्टैंड सहित गांव गांव में बूथ बनाकर बच्चों को पालिया ड्राप पिलाया गया। बसों सहित अन्य वाहनों में सफर करने वाले बच्चों को भी ड्राप पिलाने के लिए पृथक से टीम बनाया गया था। पुराने अस्पताल में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता, नगर पंचायत के सभापति पुरूषोत्तम साहू, महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष योगेश पटेल, पार्षद लक्ष्मीनारायण सेन आदि ने बच्चों को ड्राप पिलाया।



## खबर संक्षेप

### हिंदू सम्मेलन आज आसरा में

**डोंगरगांव।** ग्राम आसरा एवं तिलईरवार मंडल के संयुक्त तत्वाधान में हिंदू सम्मेलन का आयोजन कल 22 दिसंबर को बाजार चौक आसरा में किया गया है। आसरा मंडल पालक चुन्नी लाल यदु ने बताया कि आयोजित सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में विश्वनाथ योगी, गिरवर दास साहेब एवं लक्ष्मी राठी उपस्थित रहेंगे। सभी वक्ता अपने विचारों से जनसमूह को मार्गदर्शन देंगे। कार्यक्रम की संयोजक जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु हैं। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष रंजीता पड़ोती, सरपंच शरद वैष्णव सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया है।

### दिव्यांगो को सहायक उपकरण वितरित



**खैरागढ़।** प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के मार्गदर्शन में 19 से 25 दिसंबर तक आयोजित सुशासन सप्ताह तहत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जा रहा है। सुशासन सप्ताह की थीम प्रशासन गांव की ओर को सार्थक करते हुए शासन की समावेशी, संवेदनशील व उत्तरदायी प्रशासन व्यवस्था का परिचय देते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा पात्र दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किया गया। दो बैटरी चलित ट्राई सायकल, दो हस्त चलित ट्राई सायकल और 2 वैशाखी के माध्यम से 6 दिव्यांगजनों को दैनिक आवागमन, रोजगार व सामाजिक गतिविधियों में आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी। इसी अवसर पर नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत समाज में नशा उन्मूलन के प्रति व्यापक जन-जागरूकता लाने के उद्देश्य से नशामुक्ति का संकल्प व शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे स्कूल, कॉलेज, डाइट संस्थान, गायत्री परिवार तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों की सहभागिता रही। छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं व आम नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया गया। उपस्थितजनों ने स्वयं नशा न करने, अपने परिवार व समाज को नशे से दूर रखने व नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम मे युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोडने व नशा मुक्ति के लिए निरंतर जन-जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया।

### विस अध्यक्ष ने किया अभा हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ

# चिखली में शीघ्र मिलेगी नए हॉकी खेल मैदान की सौगात





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने रूद्राक्षम् वेलफेयर सोसायटी द्वारा पटरी पार चिखली स्कूल मैदान राजनांदगांव में आयोजित 5वीं छत्तीसगढ़ हॉकी लीग अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। 5वीं छत्तीसगढ़ हॉकी लीग अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता 21 से 28 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने हॉकी खिलाड़ियों के लिए हॉकी किट रखने के लिए 5 लाख रुपए तथा जिम सामग्री क्रय करने 5 लाख रुपए की घोषणा की।

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि हॉकी का खेल राजनांदगांव की खेल चेतना, सामाजिक सहभागिता और युवा ऊर्जा के सजीव उत्सव है। उन्होंने रूद्राक्षम वेलफेयर सोसायटी द्वारा निरंतर 5 वर्षों तक सफलतापूर्वक प्रतियोगिता आयोजन करने बधाई दी। छत्तीसगढ़ हॉकी लीग अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता को अधिक भव्य, अनुशासित, उद्देश्यपूर्ण बनाने की दिशा में अपनी एक विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव की एक विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान, हमारी खेल परंपरा और हॉकी का गौरवशाली स्थान रहा है। कार्यक्रम को पार्षद शिव वर्मा और अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कोमल सिंह राजपूत, छत्तीसगढ़ हॉकी संघ अध्यक्ष फिरोज अंसारी, ऋषि चौधरी, सुमित भाटिया, विष्णु नंद, प्रिंस भाटिया, सुनील साहू, ऋतु जैन, विजय शर्मा, प्रेम रजक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, नगरवासी और खिलाड़ी उपस्थित थे।

#### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम रौशन करेंगे खिलाड़ी : सिंह

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि राजनांदगांव की मिट्टी में हॉकी का बीज छुपा हुआ है। उन्होंने कहा कि आज यहां बीज का रोपण हुआ है। आने वाले समय में यहां के खिलाड़ी देश के हॉकी जगत में कहीं ना कहीं, किसी न किसी स्थान में देश का प्रतिनिधित्व करते भी दिखेंगे। राजनांदगांव से अधिक से अधिक बच्चे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे जैसे खिलाड़ी निकलेंगे और आगे बढ़ेंगे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश-प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्यों से श्रेष्ठ टीम यहां आई है, राजनांदगांव को अच्छा हॉकी देखने और बच्चों को सीखने मिलेगा। उन्होंने कहा कि मार्चपास्ट के दौरान बच्चों में उत्साह, ऊर्जा और ताकत दिखाई दी है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए शपथ दिलाई।

# मनरेगा सहित अन्य योजनाओं का भाजपा नामकरण न करें : कांग्रेस

### विरोध में कांग्रेस का जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण और शहर द्वारा आज दोपहर 12 बजे जयस्तंभ चौक में धरना प्रदर्शन किया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार और जिला ग्रामीण अध्यक्ष विपिन यादव की मौजूदगी में धरना-प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर श्री मुदलियार ने कहा कि पीएम मोदी कांग्रेस की सारी योजनाओं को बदलने से क्या होगा। बेरोजगारों को रोजगार दे, महंगाई पर ध्यान दे, जमीनी स्तर पर कार्य करने के बजाय मोदी हर दम कांग्रेसी नेताओं को मुद्दाविहीन राजनीति की बात करते हैं। जिससे देश के नौजवान, महिला सहित हर वर्ग परेशान है। ग्रामीण रोजगार की सबसे बड़ी योजना मनरेगा का नाम भी हटाकर अपने मुताबिक कर दिया है।

#### महंगाई और बेरोजगारी से लोग त्रस्त : विपिन

जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि आज ट्रिपल इंजन की सरकार होने के बाद भी हर स्तर पर महंगाई, बेरोजगारी व्याप्त है। लोग समस्याओं से ग्रसित और व्यथित हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में जो वादे किए थे, उनमें से एक को भी नहीं निभाया है और वादा को पूर्ण करने की जगह लोगों का ध्यान बांटने के लिए धर्म, नफरत की राजनीति कर रहे हैं और तो और कांग्रेस की योजनाओं का नाम बदला जा रहा है, क्योंकि वह कांग्रेस से भयभीत है।

#### कांग्रेस नेताओं की रही उपस्थिति

इस अवसर पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, शाहिद खान प्रदेश महामंत्री, रमेश डाकलिया पूर्व निगम अध्यक्ष, भागवत साहू पूर्व जिला अध्यक्ष, संतोष पिल्ले, आफताब आलम, अशोक फडनवीस, इकरामुद्दीन सोलंकी, अशोक पंजवानी, विवेक वासनिक, सूर्यकांत जैन ने सभा को संबोधित किया। प्रदर्शन में आसिफ अली ब्लॉक अध्यक्ष, चेतन भानुशाली युकां, चम्पू गुप्ता पूर्व पार्षद, नीतिन बत्रा, अनिल ठाकुर, विरेंद्र चंद्राकर, रज्जू जान, बंटी यादव, लक्खू रूपचंदानी, गणेशराम साहू, हीरा सोनी, मदन साहू, चुम्मन साहू, मनीष सिमनकर, रामछत्री चंद्रवंशी, महेश कंवर, राहुल तिवारी, मनीष गौतम, छोटे रामटेके, विष्णु लोधी, झम्मन देवांगन, विजय राज सिंह, रतन यादव, सुरेश सिन्हा, विनायक राव, अमित पांडे, कन्हैया मंडावी, पीयूष दुबे, शैलेश ठावरे, रसीद अहमद, वितेंद्र तुरहाटे, विनय झा, शरद पटेल, रूपेश साहू, अवधेश प्रजापति, प्रियांश मेश्राम, मोहम्मद मुस्तफा जोया, बृजेश श्यामकर, नरेश साहू, आशीष साहू, ललित कुमरे, गोलू नायक, मानसिंग साहू, गजेंद्र वैष्णव, खम्मन लहरे, युवराज डिग्गी, चेतनलाल चंद्राकर, गोविंद नेताम, उमेश राजपूत, सतीष चौरसिया, नूतन साहू, लोकनाथ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# आज होगा तीन हजार से ऊपर प्रधानमंत्री आवास में गृहप्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जांजगीर चांपा में केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा की मौजूदगी में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत राज्य स्तर पर 51 हजार से अधिक नवनिर्मित आवासों का सांकेतिक रूप से सामूहिक गृह प्रवेश कराया जाएगा। जिले में वर्ष 24-25 में स्वीकृत छुईखदान जनपद के 1936 और खैरागढ़ जनपद पंचायत के 1189 आवासों को मिलाकर कुल 3125 नवनिर्मित आवासों का भी सामूहिक गृह प्रवेश जाएगा। इस दौरान सभी नवनिर्मित आवासों मे रंगोली सज्जा, दीप प्रज्वलित कर पारंपरिक रीति से गृह प्रवेश कराया जाएगा। हितग्रहियों को आभार पत्र, खुशियों की चाबी या स्मृति चिन्ह भी दिया जाएगा। जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल ने बताया कि पूर्व में 1 नवंबर 25 राज्योत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा जिले के 5791 आवासों का सामूहिक गृह प्रवेश कराया गया। इसी प्रकार 22 दिसम्बर को कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। स्थानीय जनप्रतिनिधि भी आवास हितग्राहियों के गृह प्रवेश में शामिल होंगे।

#### 28 हजार आवास पूर्ण

गौरतलब है कि जिले में अब तक चालीस हज़ार से ज़्यादा ग्रामीण आवास स्वीकृत हुए है जिसमें 28 हजार से ज़्यादा आवास का काम पूरा हो गया हैं शेष बारह हज़ार आवास को जून तक पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि मानसून से पहले हितग्राही अपने नए मकान मे रहना शुरू कर दे।

# सोनपुरी पहुंची एसीओआईएन की दृष्टि रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



- स्कूली बच्चों को नेत्र परीक्षण स्क्रीन टाईम के दुष्प्रभाव और आंखों की देखभाल की दी गई जानकारी

ब्लाक के सोनपुरी में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन व जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल के मार्गदर्शन में एसीओआईएन द्वारा संचालित दृष्टि रथ यात्रा पहुंची। भारत सरकार व छग शासन के राष्ट्रीय अंधत्व एवं दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ प्रो डॉ. स्वपन सामंता के नेतृत्व में नेत्र स्वास्थ्य, दृष्टि सुरक्षा व अंधत्व निवारण विषय पर व्यापक स्वास्थ्य शिक्षा गतिविधियां आयोजित की गईं। इससे पहले दृष्टि रथ यात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान से सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा व बीएमओ डॉ मनीष बघेल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। छुईखदान मे स्वामी आत्मानंद शाला में बच्चों को नेत्र परीक्षण, स्क्रीन टाइम के दुष्प्रभाव और आंखों की देखभाल संबंधी जानकारी दी गई।

#### मधुमेह रोगी 6 माह में नेत्र परीक्षण कराएं

यात्रा का समापन राज्यपाल के गोद ग्राम सोनपुरी में हुआ जहॉ डॉ सामंता ने आंखों को रोज साफ सादे पानी से धोने की आदत डालने, हरी पत्तेदार सब्जी, पीले-लाल फल, दूध का सेवन करने, स्कूली बच्चों साल में एक बार आवश्यक रूप से नेत्र परीक्षण कराने कहा वही मधुमेह रोगी प्रत्येक 6 माह में नेत्र परीक्षण, प्री मैच्योर शिशुओं का हर 15 दिनों के भीतर रेटिना जांच अनिवार्य रूप से कराने और चालीस साल से अधिक उम्र के व्यक्तियों में साल मे कम से कम एक बार आंखो की जॉच अनिवार्य रूप से कराने कहा। नेत्र चोट की स्थिति में तुरंत विशेषज्ञ से संपर्क करने, असाध्य दृष्टिहीन व्यक्तियों को ब्रेल शिक्षा व पुनर्वास से जोड़ने व निशुल्क नेत्र सेवा के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने कहा। वही डॉ सामंता ने मोतियाबिंद का समय पर शल्य उपचार कराने के साथ साथ मृत्यु उपरांत कार्निया दान करने की अपील की। इस दौरान बीपीएम बृजेश ताम्रकार, नेत्र सहायक अधिकारी विनय कुमार रामटेके, गेमन देवांगन, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक सनत कुमार, सरपंच, पंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### रबी मौसम में धान की फसल नहीं लेने का लिया गया निर्णय

**राजनांदगांव।** छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत खुर्सीपार में फसल चक्र परिवर्तन के लिए विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम के किसानों द्वारा जल संरक्षण के लिए विशेष पहल की गई है। ग्राम पंचायत खुर्सीपार के ग्रामसभा में रबी मौसम में धान की फसल नहीं लेने का निर्णय लिया गया। ग्रीष्मकालीन फसल में चना, तीवरा, मूंग, गेहूं, मक्का जैसी कम पानी उपयोग वाली फसल लेने के लिए चर्चा की गई। जिले में भू-जल स्तर गिरावट के दृष्टिगत ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा आयोजित कर फसल विविधीकरण और जल संरक्षण के लिए सामूहिक रूप से किसानों को जागरूक किया जा रहा है। ग्राम पंचायत खुर्सीपार के विशेष ग्रामसभा में ग्रामीणों को फसल विविधीकरण और जल संरक्षण के संबंध में जानकारी दी गई। ग्रामीणों को बताया कि धान की खेती से भूमि की उर्वरता में कमी होती है। बदलते मौसम और बढ़ते उत्पाद खर्च को देखते फसल पद्धति में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया गया। धान की फसल लेने से होनी वाली समस्याओं के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। पानी मोटर के लगातार चलने से घरों में लो-वोल्टेज की समस्या होती है। गांव के बोरवेल और बोरिंग में जल स्तर सूख जाता है। जिससे पेयजल की समस्या उत्पन्न होती है। विशेष ग्रामसभा में सरपंच, पंच ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक, किसान एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### सरकार उद्योग के नाम से कृषि जमीन को उजाड़ना बंद करे : ठाकुर

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक जनकलाल ठाकुर के नेतृत्व में सरकार द्वारा छुईखदान कृषि क्षेत्र में प्रस्तावित सीमेंट उद्योग लगाने के विरोध में ग्रामीण एवं किसानों द्वारा संघर्ष कर रहे किसानों से विभिन्न ग्राम संडी, पंडरिया, बुंदेली, विचारपुर, भरदागोंड, ओटेबंध में प्रभावित किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की विस्तृत जानकारी लिया एवं पूर्व विधायक गिरवर जंघेल से मुलाकात कर चर्चा किया। विचारपुर में एकत्रित बड़ी संख्या में किसानों की बैठक लिया। जिसमें बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण किसान शामिल हुए। श्री ठाकुर ने किसानों को संबोधित करते कहा कि सरकार एवं उद्योगपति द्वारा कृषि प्रधान खैरागढ़-छुईखदान-गंडई क्षेत्र में उद्योग लगाने की सुनियोजित षडयंत्र रचकर कृषि क्षेत्र के जमीन को उजाडने की साजिश की जा रही है। इस क्षेत्र के किसान 3 फसल लेकर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं एवं रोजगार करते हैं तथा बच्चों की स्वास्थ्य शिक्षा की देखभाल करते हैं। ऐसे कृषि प्रधान क्षेत्र में श्री सीमेंट उद्योग लगाकर आसपास के 30-40 गांव के उपजाऊ कृषि जमीन को बंजर बनाकर क्षेत्र के ग्रामीण किसानों को पलायन करने को मजबूर कर रहे है। कार्यक्रम में किसान प्रतिनिधि सुखराम जंघेल, मोहन भारती, तुलाराम जंघेल, प्रताप जंघेल, श्रवण जंघेल, केदार, मनीराम जंघेल आदि उपस्थित थे।

### गांव को स्वच्छ बनाने का लिया संकल्प

# राज्यपाल के गोदग्राम सोनपुरी में महिलाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



ब्लाक के सोनपुरी जिसे राज्यपाल ने गोद ग्राम के रूप मे चिंहांकित किया है वहॉ स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अभियान के तहत महिलाओं ने बैठक लेकर गांव को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। इसके लिए सभी ने सबसे पहले अपने अपने घरों से निकलने वाले प्लास्टिक को घर में एकत्रित करने का प्रस्ताव पारित किया वही गांव में प्लास्टिक पॉलिथीन को एकत्रित करने सामूहिक रूप से गांव में स्वच्छता अभियान चलाने के लिए प्लान तैयार किया। जिसे अमल में लाते हुए गॉव की सभी महिलाओं ने अपने-अपने मुहल्ले में टोली बनाकर गलियों की सफाई कर इधर उधर बिखरे पालीथीन को एकत्रित किया। गॉव की गलियों को प्लास्टिक की गंदगी से मुक्त करने के बाद सभी ग्राम पंचायत के पास एकत्रित हुई जहॉ से उन्होंने सामूहिक रूप से श्रमदान कर पंचायत भवन, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, ओपन जिम परिसर और शीतला मंदिर के आसपास असत व्यस्त तरीके से बिखरे प्लास्टिकों को एकत्र किया और एक नई सोच के साथ अभियान को आगे बढाया। इस दौरान हाथ मे झाड़ और सिर पर धमेला लिए महिलाओं ने हर घर से निकलने वाले प्लास्टिक को घर मे ही रखने का नारा लगाया।

#### सामुहिक भागीदारी से स्वच्छ बने गांव

महिलाओं ने यह स्वच्छता अभियान जिला प्रशासन द्वारा समय समय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम से प्रेरित होकर स्वयं आगे आकर स्वच्छता तिहार का आयोजन किया और समय समय पर ऐसा अभियान चलाते रहने का संकल्प किया ताकि सामूहिक भागीदारी के ग्राम स्वच्छ सुंदर बने और विकास हो। अभियान में ग्राम संगठन, महिला समूह व स्वच्छता समूह से जुड़ी महिलाओं की सक्रिय भूमिका रही।

# सुशासन सप्ताह : ग्रामीणों को मिली राहत और समस्याओं का समाधान



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

जनपद पंचायत के नेतृत्व में शासन के आदेशानुसार सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत गोडलवाही, साल्हे में जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर गोपाल भुआर्य, बोधन साहू, अंजली धावड़े, प्रकाश मोटघरे, नैनसिंह पटेल, सीईओ होरीलाल साहू मौजूद थे। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि सुशासन सप्ताह में गांवों में व्याप्त समस्याओं ,मांगों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। साल्हे में 90 आवेदनों को निराकृत किया गया। शेष आवेदनों को शीघ्र निराकृत किया जाएगा। विभागों ने स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में खाद्य विभाग को एक, कृषि विभाग एक, महिला एवं बाल विकास विभाग एक, शिक्षा विभाग एक, विद्युत विभाग को 11, पंचायत एवम ग्रामीण विकास विभाग को 62 आवेदन प्राप्त हुए है। बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित गोद भराई रस्म को महिला जनप्रतिनिधियों ने पूरा किया। वहीं शिशुओं को अन्न प्रसान्न कराया गया। इस अवसर पर चंद्रिका चंद्रवंशी, नरेश शुक्ला, उमराव, डोमन साहू, पूनम साहू, नेहा मंडलोई, तिलकी मानकर, सुरेश आदि उपस्थित थे।

# कौड़िया में होगी दुबेलिया तेली साहू समाज की महासभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- युवक-युवती परिचय सम्मेलन सहित होंगे कई आयोजन

दुबेलिया तेली साहू समाज का 79 वां वार्षिक महासभा, युवक-युवती परिचय सम्मेलन और रंगोली स्पर्धा सहित सामाजिक व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन शनिवार 3 जनवरी ब्लाक के कौड़िया में होगा। समाज के केंद्रीय अध्यक्ष शिवकुमार साहू सिलपट्टी व केंद्रीय सचिव हरिराम साहू ने संयुक्त रूप से बताया कि इस वर्ष महासभा का आयोजन केंद्रीय नेतृत्व व ब्लॉक इकाई के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम अंतर्गत समाज के विकास, एकता व भविष्य की दिशा को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की जाएगी। महासभा में युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा ताकि समाज के युवाओं को आपसी परिचय व वैवाहिक संबंधों के लिए एक मंच मिल सकें। इसके साथ ही महिलाओं से संबंधित खेलकूद व युवतियों के लिए रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजन का उद्घाटन जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य में होगा। उनके साथ समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व गणमान्य अतिथि भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। महासभा में खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, डोंगरगढ़, धमधा, दुर्ग, भिलाई, बेमेतरा, रायपुर और नागपुर क्षेत्र से बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं के शामिल होने की संभावना को देखते हुए ब्लॉक इकाई और केंद्रीय समिति द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। समाज की एकता और संगठन को मजबूत करने पदाधिकारियो ने सभी सामाजिक बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## सार समाचार

### पदाधिकारियों ने विस अध्यक्ष रमन से की मुलाकात



**राजनांदगांव।** आगामी राजनांदगांव फुटबॉल लीग के आयोजन को लेकर समिति के पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें 01 से 10 जनवरी तक आयोजित फ्लड लाइट फुटबाल प्रतियोगिता में शामिल होने का आमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। मुलाकात के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं है, बल्कि ये युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को मजबूत करते हैं। राजनांदगांव फुटबॉल लीग जैसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं और समाज को स्वस्थ दिशा में आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजनों से क्षेत्रीय प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर घनश्याम वर्मा, लक्ष्मण लोहिया, शिवम यादव, राम भाई, नीरज साहू, परवेज खान एवं युवराज सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### व्यवसायिक परिसर में अवैध निर्माण की शिकायत

**राजनांदगांव।** टेड़ेसरा के ग्रामीणों द्वारा सरपंच के विरूद्ध शासकीय भूमि पर अवैध तरीके से व्यवसायिक परिसर का निर्माण कराए जाने का आरोप लगाते इस निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने और कार्रवाई करने मांग की गई है। कलेक्टर और तहसीलदार के नाम दिए गए ज्ञापन में कहा है कि सरपंच खिलेश्वर साहू द्वारा बस स्टैंड के पीछे शासकीय भूषि पर अवैध तरीके से व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया जा रहा है, जो पूरी तरह से अवैध है। जबकि पूर्व में शासन ने राशि उपलब्ध कराकर पंचायत स्तर पर रोजगार मुहैया कराने के लिए 5-5 कमरे का व्यवसायिक परिसर बनवाया गया है, जो निर्माण के बाद से रिक्त पड़ा हुआ है, जिसे सरपंच द्वारा किसी भी बेरोजगार को रोजगार के लिए उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से आरोप लगाया है कि सरपंच द्वारा पद का दुरूपयोग किया जा रहा है और शासकीय भूमि पर अपनी मनमानी करते अवैध निर्माण करवाया जा रहा है। ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से इस निमार्ण कार्य पर तत्काल रोक लगाए जाने मांग की है।

### छात्राओं एवं ग्रामीणों को किया साइबर जागरूक



**राजनांदगांव।** ग्राम आलीखूंटा में आयोजित एनएसएस कैंप में कॉलेज के छात्राओं एवं ग्रामीणों को साइबर सेल स्टाफ ने साइबर क्राईम के प्रति जागरूक किया। शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत ग्राम अलीखूंटा (रानीतराई) में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें साइबर सेल राजनांदगांव द्वारा कैंप में शामिल छात्राओं एवं ग्रामीणों को साइबर अपराध की जानकारी एवं उससे बचने के उपाय बताकर तथा पाम्प्लेट बांटकर उन्हें साइबर जागरूक किया गया। किसी भी साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करने के संबंध में विशेष रूप से जागरूक किया गया।

### पंथी नृत्य प्रतियोगिता आज

**पटेवा।** ग्राम केकराजबोड में सतनाम सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में संत शिरोमणी गुरू घासीदास की जयंती एवं एक दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता एवं मंडई मेला का आयोजन 22 दिसंबर को किया गया है। उक्त प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में प्रथम से षष्ठम तक पुरस्कार रखा गया है। इसी प्रकार महिला वर्ग में भी पुरस्कार रखा गया है। इसके अलावा व्यक्तिगत विधाओं के लिए भी पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रवेश शुल्क पुरूष वर्ग 201 रुपए एवं महिला वर्ग में 101 रुपए रखा गया है।

### बाबा ने हमें दिया सतनाम का संदेश - मिश्रा



**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा मिनीमाता बाजार चौक सोमनी में आयोजित गुरू घासीदास बाबा जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। अभिमन्यु ने सर्वप्रथम गुरू घासीदास बाबा के तैलचित्र पर पुष्प अर्पण कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि गुरू घासीदास बाबा ने हमें सतनाम का संदेश दिया। जिसका अर्थ है कि सत्य ही ईश्वर है। उन्होंने जाति-भेद, छुआछूत और पाखंड का विरोध करते समाज को समानता, मानव गरिमा और आत्मसम्मान का मार्ग दिखाया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, सतनामी समाज के अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे, समाज के सचिव अश्वनी बांधे, पूर्व सरपंच मधुकर बंजारी, युवा अध्यक्ष कृष्णराज देशलहरे, ओंकार खंडेलवाल, रमेश बंजारे, निखिल बंजारे, गेंदलाल खिलाड़ी, नरोत्तम बंजारे, भिखम मारकंडे, बलराम बंजारे, कृति खंडे, लाकेश खंडे, गजेंद्र बंजारे, जय कोसरे, चीकू खंडेलवाल आदि युवा उपस्थित थे।

### पोलियो मुक्त भारत की रक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी



**राजनांदगांव।** राजीव नगर बसंतपुर क्षेत्र में पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को "दो बूंद जिंदगी की" खुराक पिलाई गई। इस अभियान में पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री की उपस्थिति में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिन दीदियों और स्थानीय नागरिकों के सहयोग से बच्चों को पोलियो निरोधक दवा पिलाई गई। पूर्व पार्षद शास्त्री ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान कोई साधारण सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश की भावी पीढ़ी को सुरक्षित रखने का राष्ट्रीय संकल्प है।

### मनोरमा सिंह का निधन



**राजनांदगांव।** दिग्विजय कॉलेज राजनंदगांव एवं दुर्ग विज्ञान महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ.आरएन सिंह एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भडसेना चौकी के प्राचार्य राकेश बहादुर सिंह की माता एवं चौकी महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य स्व.पीपी सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती मनोरमा सिंह का डॉ.आरएन सिंह के निज निवास न्यू चंद्रा कॉलोनी में रविवार 21 दिसंबर को निधन हो गया। वे 84 वर्ष की थी। उनकी अंतिम यात्रा 22 दिसंबर को लखोली मुक्तिधाम के लिए प्रातः 11:00 बजे निकाली जाएगी।

## ऐसी लापरवाही महीनों से, स्थिति में सुधार नहीं

# गांधी सभागृह के सामने नेशनल हाईवे में गड्ढा, हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

समय रहते मरम्मत कार्य नहीं करके हादसा होने के बाद कार्य किए जाने का चलन हो गया है। यहां शासन-प्रशासन और जिम्मेदारों की नींद हादसे में मौत होने के बाद ही खुलती है, जब तक हादसा नहीं होता है, तब तक सुधार कार्य भी नहीं किया जाता है।

कुछ ऐसा ही इंतजार शहर के गांधी सभागृह के सामने मरम्मत के लिए किया जा रहा है। यहां गंभीर हादसा होने के बाद जब किसी की जान चली जाएगी, तब मरम्मत किया जाएगा। दरअसल शहर के बीच गांधी सभागृह के ठीक सामने बीते कई महीनों से सभागृह मोड पर ही नाले में एक बड़ा गड्ढा बना हुआ है। जिसमें दो पहिया वाहन से गिरकर किसी की जान भी जा सकती है। इसके बाद भी लापरवाही बरतना और नाले पर बने इस गड्ढे का सुधार कार्य नहीं करवाने से समझा जा सकता है कि जिम्मेदार लोगों को गंभीर हादसे का इंतजार है।



### कौन करेगा मरम्मत

नेशनल हाईवे के नाले में हुआ यह गड्ढा किस विभाग द्वारा मरम्मत किया जाएगा, इसको लेकर भी इसकी मरम्मत नहीं की जा रही है। गांधी सभागृह नगर निगम द्वारा निर्मित है। वहीं नेशनल हाईवे का मरम्मत संबंधित कंपनी को करना है। ऐसे में इस गड्ढे को कौन सुधारेगा, यह बड़ा सवाल बना हुआ है। गांधी सभागृह में आयोजन होने पर वीआईपी से लेकर शासकीय अधिकारी और कर्मचारी भी आयोजनों में पहुंचते हैं। सभी ने इस गड्ढे को देखा है, पर इसके सुधार के लिए अब तक कोई कार्य नहीं किया जाना आश्चर्यजनक है।

### होते हैं कई आयोजन

गांधी सभागृह में कई आयोजन होते हैं, जहां लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इसके बावजूद इसके सामने इस बड़े गड्ढे की मरम्मत नहीं किया गया है। नाले के ऊपर लगा कांक्रीट टूटकर धंस गया है और सरिया बाहर निकल गया है। जिसमें गिरने से कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है।

### मोड़ पर ही गड्ढा

गांधीसभा गृह के सामने बना यह गड्ढा दूर से नजर नहीं आता है। कई बार इसमें चार पहिया वाहन भी फंस चुकी है। बांये तरफ ही गड्ढा होने के चलते नेशनल हाईवे से गांधी सभागृह पहुंचने वाले लोगों को बांये तरफ ही मुड़ना पड़ता है और मोड पर ही गड्ढे की वजह से कभी भी गंभीर दुर्घटना हो

## राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस पर संगोष्ठी आयोजित



**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस पर छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला इकाई ने न्यू सिविल लाइन स्थित संघ कार्यालय (एच/51) में संगोष्ठी का आयोजन किया। इसमें पेंशन को सेवानिवृत्त कर्मचारियों का कानूनी अधिकार बताते वर्तमान पेंशन व्यवस्था और भविष्य की चुनौतियों पर गंभीर मंथन किया गया।

एसोसिएशन के संरक्षक आनंदकुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 17 दिसंबर 1982 को सुप्रीम कोर्ट ने डीएस नकारा बनाम भारत सरकार प्रकरण में ऐतिहासिक फैसला देते स्पष्ट किया था कि पेंशन कोई दया या कृपा नहीं, बल्कि सेवा अवधि में किए गए कार्यों के बदले एक वैधानिक अधिकार है। इसी फैसले की स्मृति में 17 दिसंबर को राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस मनाया जाता है।

संगोष्ठी में जीआर देवांगन, केपी सिंह और बीएल कडबे ने कहा कि पेंशन बुजुर्गों की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का आधार है। यह सरकार की मनमर्जी पर निर्भर नहीं, बल्कि कर्मचारियों के जीवनभर के योगदान का प्रतिफल है। संगोष्ठी के बाद फोरम ऑफ रिटायर्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स छत्तीसगढ़ की ओर से पेंशनर्स हित में केंद्रीय आठवें वेतन आयोग की संभावित विसंगतियों को लेकर प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया।

## मुआवजे के लिए चक्काजाम, मृतक के परिवार को मिलेंगे 25 लाख

■ हादसे में मजदूर की मौत, 2 अन्य घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला



गुरूदेव राईस मिल में शुक्रवार 20 दिसंबर की शाम लगभग 5 बजे हुए दर्दनाक हादसे में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 2 अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए छुरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। वहीं सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस हादसे के बाद ग्रामीणों ने आज सुबह मिल के सामने चक्काजाम कर मुआवजे की मांग की। फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा मुआवजे का ऐलान किए जाने के बाद चक्काजाम खत्म हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार हादसे में मृत हुए मजदूर और दो घायलों को मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने आज सुबह नेशनल हाईवे में चक्काजाम कर दिया। इस दौरान मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने मोर्चा संभाला। सूत्रों ने बताया कि ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपए एकमुश्त और 20 हजार रुपए मासिक पेंशन देने की मांग की। ग्रामीणा ने बताया कि मृतक मुकेश कंवर इकलौता बेटा था।

दो साल पहले ही उसकी शादी हुई है। घर में कमाने वाला भी कोई नहीं है। राईस मिल प्रबंधन ने मृतक को 25 लाख रुपए देने के साथ ही बच्चों की 12वीं तक की पढ़ाई का खर्चा उठाने की बात कही। वहीं घायलों को पांच लाख रुपए तथा इलाज खर्च देने की घोषणा की। इसके बाद ग्रामीण संतुष्ट हुए और उन्होंने चक्काजाम समाप्त किया।

## नववर्ष से पूर्व अभियान तेज, मोटर चेकिंग प्वाइंट लगाकर संदिग्ध वाहनों की जांच


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नववर्ष के मद्देनजर पुलिस ने शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु जांच अभियान तेज कर दिया है। संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में आगामी नववर्ष के आगमन के मद्देनजर 20 दिसंबर को शहर के महावीर चौक, देशमुख होटल चिखली एवं गौरवपथ तिराहा में मोटर चेकिंग प्वाइंट लगाकर ब्रेथ एनालाइजर मशीन (अल्कोहल मीटर) के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की गई।

### कार्रवाई जारी रहेगी

पुलिस द्वारा समस्त वाहन चालकों से अपील की गई है कि चार पहिया वाहनों में काले शीशे का उपयोग न करें, अवैध व आपत्तिजनक सामग्रियों का परिवहन न करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं, किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त न हों तथा राजनांदगांव पुलिस का सहयोग कर यातायात एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहभागी बनें।



### दो सौ से अधिक वाहनों की जांच

वाहन चेकिंग के दौरान कुल 200 से अधिक वाहनों की जांच की गई। जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 7 वाहनों पर मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई। चार पहिया थार वाहन (कार) में काला शीशा (ब्लैक फिल्म) लगाए जाने पर मोटरयान अधिनियम की धारा 100 के तहत 2000 का जुर्माना लगाया गया। शेष 6 वाहन चालकों से कुल 2700 का जुर्माना वसूला गया।

### चौक-चौराहों में पुलिस अलर्ट

महावीर चौक में वाहन चेकिंग के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा की उपस्थिति में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, यातायात प्रभारी नवरतन कश्यप एवं यातायात टीम द्वारा चेकिंग की कार्रवाई की गई। इसी तरह देशमुख होटल चिखली में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक तथा पुलिस चौकी चिखली प्रभारी कैलाशचंद मरई द्वारा वाहन चेकिंग की गई। गौरवपथ तिराहा में वैशाली जैन नगर पुलिस अधीक्षक तथा थाना बसंतपुर प्रभारी निरीक्षक एमन साहू द्वारा वाहनों की सघन चेकिंग की गई।

### बैंक की नवीन शाखा का उदघाटन

**राजनांदगांव।** छुरिया वार्ड नंबर 8 डोंगरगांव रोड में स्थापित राष्ट्रीयकृत बैंक बैंक ऑफ बड़ौदा की नवीन शाखा का उदघाटन बैंक के रायपुर जोन के महाप्रबंधक एवं जोनल हेड दिवाकर प्रसाद सिंह के कर कमलों से संपन्न हुआ। महाप्रबंधक ने अपने उद्बोधन में बताया कि जिला राजनांदगांव में सर्वाधिक राष्ट्रीयकृत बैंक की 9 शाखाओं के साथ बैंक ऑफ बड़ौदा जिला का लीड बैंक है एवं जनपद छुरिया में यह बैंक की पहली शाखा है।

उन्होंने बताया कि जनपद में बैंकिंग सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों में आम जनता को उत्तम गुणवत्तायुक्त सुविधाएं मुहैया करवाने हेतु बैंक कृत संकल्प है एवं नई शाखा खुलने से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करने में इससे सहयोग मिलेगा। बैंक ऑफ बड़ौदा विशेषतः कृषकों को उन्नतिशील कृषि हेतु, व्यापारियों, लघु एवं मध्यम उद्योगों विभिन्न लाभकारी योजनाओं के माध्यम से ऋण मुहैया करवाता है।

समारोह में विशिष्ट अतिथि किरण वैष्णव अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव, संजय सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, अजय पटेल अध्यक्ष नगर पंचायत छुरिया, रितेश जैन अध्यक्ष मंदिर समिति छुरिया एवं सुभाष यादव समाजसेवी छुरिया भी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत सत्कार एवं धन्यवाद ज्ञापन करते क्षेत्रीय प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा दुर्ग क्षेत्र अनंत माधव ने सभी से शाखा के सफल होने में सहयोग करने की अपील की।

## वाद-विवाद करने पर पुलिस ने की कार्रवाई

**राजनांदगांव।** विवाद कर शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने के मामले में पुलिस ने अनावेदक के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत गत दिवस ग्राम शिकारीटोला से आवेदक मोतीलाल डहरे ने थाना हाजिर आकर अनावेदक द्वारा वाद-विवाद करने की शिकायत दिया। जिसकी जांच के दौरान अनावेदक देवादास डहरे द्वारा आक्रोशित होकर आवेदक को मेरे विरूद्ध पुलिस में झूठा रिपोर्ट किए हो कहकर शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने की नीयत से प्रार्थी से वाद-विवाद करने लगा। पुलिस द्वारा समझाने पर भी नहीं माना और मारपीट करने पर उतारू होकर उपद्रव करने पर अनावेदक देवादास डहरे 35 वर्ष ग्राम शिकारीटोला को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर अनावेदक को प्रतिबंधित करने धारा 126, 135(3) बीएनएसएस का इस्तगाशा तैयार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजनांदगांव के न्यायालय में पेश किया गया।



हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 22 दिसंबर 2025



## वनांचल में तनाव: अतिक्रमण पर कार्रवाई से बौखलाए ग्रामीण, वन और पुलिस कर्मियों पर डंडे-पत्थर से किया हमला, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के सीतागांव में रविवार सुबह 10 बजे वन भूमि के अवैध कब्जा हटाने पहुंची फॉरेस्ट तथा पुलिस विभाग की टीम को ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। कार्रवाई के दौरान वन अमला जेसीबी के साथ मौके पर पहुंचा। जिससे कब्जाधारियों और विभागीय अमले के बीच तीखी गहमा-गहमी हो गई। स्थिति बिगड़ता देख मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया, लेकिन इसके बावजूद आक्रोशित ग्रामीणों ने पथराव शुरू करते फॉरेस्ट बल तथा पुलिस जवानों पर हमला कर दिया है। ग्रामीणों ने जेसीबी सहित अन्य सरकारी गाड़ियों पर पत्थर और डंडों से हमला कर उसे मौके से खदेड़ दिया। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं की संख्या अधिक रही और वे सबसे ज्यादा आक्रोशित नजर आई। घटनास्थल पर ग्रामीणों, वन विभाग और पुलिस के बीच जमकर नोकझोंक व धक्का-मुक्की हुई। हालात दिनभर तनावपूर्ण बना रहा। वहीं पुलिस और वन विभाग के अफसर स्थिति को नियंत्रित करने में जुटे रहे। आक्रोशित भीड़ ने डंडा और पत्थर से वन अमला तथा पुलिस जवानों को चोंट भी पहुंचाया है। स्थिति पर कलेक्टर तुलिका प्रजापति, पुलिस अधीक्षक वायपी सिंग, डीएफओ दिनेश पटेल नजर रखे हुए हैं। एसपी वायपी सिंग व डीएफओ दिनेश पटेल ने जानकारी देते बताया की स्थिति को संभाल लिया गया है। भारी तादाद में पुलिस बल तैनात किए गए हैं। फिलहाल अतिक्रमण की कार्रवाई को रोक दिया गया है।

सीतागांव में बिगड़ा माहौल, भारी संख्या में पुलिस बल तैनात



**दो घरों में चल चुका था बुलडोजर:** दक्षिण मानपुर वन परिक्षेत्र सीतागांव में अवैध कब्जे को लेकर 13 लोगों को नोटिस दिया गया था। आज सुबह 10 बजे अंबागढ़ चौकी रेंज तथा उत्तर मानपुर, दक्षिण मानपुर वन विभाग की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर बुलडोजर लेकर पहुंची और दो कच्चे मकानों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई प्रारंभ की, तभी ग्रामीणों का आक्रोश उमड़ा और ग्रामीणों की तरफ से देखते ही देखते झूमा-झटकी के साथ पत्थर-डंडा चलना शुरू हो गया। माहौल के बिगड़ने के बाद अतिक्रमण पर कार्रवाई को वन महकमे ने स्थगित कर दिया है।



## सम्मेलन में एक रहे-नेक बने का आह्वान

छुरिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर शिव शक्ति संगम झिथराटोला में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 12 ग्रामों के ग्रामीण शामिल हुए। समाज प्रमुखों ने सामाजिक समरसता, भाईचारे एवं एकजुटता का संदेश दिया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक जितेन्द्र शर्मा थे। उन्होंने समाज को संगठित रहने, राष्ट्रहित में कार्य करने तथा सनातन मूल्यों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। कथावाचक कृष्ण शुभम महाराज ने हिन्दू समाज को संगठित रहने, महापुरुषों के आदर्शों पर चलने एवं धर्म-संस्कृति की रक्षा के लिए सतत प्रयास करने को प्रेरित किया।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज़ मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता-गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - केंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड ,**भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## सोनपुरी पहुंची एसीओआईएन की दृष्टि रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

- स्कूली बच्चों को नेत्र परीक्षण स्क्रीन टाईम के दुष्प्रभाव और आंखों की देखभाल की दी गई जानकारी

ब्लाक के सोनपुरी में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन व जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल के मार्गदर्शन में एसीओआईएन द्वारा संचालित दृष्टि रथ यात्रा पहुंची। भारत सरकार व छग शासन के राष्ट्रीय अंधत्व एवं दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ प्रो डॉ. स्वपन सामंता के नेतृत्व में नेत्र स्वास्थ्य, दृष्टि सुरक्षा व अंधत्व निवारण विषय पर व्यापक स्वास्थ्य शिक्षा गतिविधियां आयोजित की गईं। इससे पहले दृष्टि रथ यात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान से सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा व बीएमओ डॉ मनीष बघेल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। छुईखदान मे स्वामी आत्मानंद शाला में बच्चों को नेत्र परीक्षण, स्क्रीन टाइम के दुष्प्रभाव और आंखों की देखभाल संबंधी जानकारी दी गई।



### मधुमेह रोगी 6 माह में नेत्र परीक्षण कराएं

यात्रा का समापन राज्यपाल के गोद ग्राम सोनपुरी में हुआ जहॉ डॉ सामंता ने आंखों को रोज साफ सादे पानी से धोने की आदत डालने, हरी पत्तेदार सब्जी, पीले-लाल फल, दूध का सेवन करने, स्कूली बच्चों साल में एक बार आवश्यक रूप से नेत्र परीक्षण कराने कहा वही मधुमेह रोगी प्रत्येक 6 माह में नेत्र परीक्षण, प्री मैच्योर शिशुओं का हर 15 दिनों के भीतर रेटिना जांच अनिवार्य रूप से कराने और चालीस साल से अधिक उम्र के व्यक्तियों में साल मे कम से कम एक बार आंखो की जॉच अनिवार्य रूप से कराने कहा। नेत्र चोट की स्थिति में तुरंत विशेषज्ञ से संपर्क करने, असाध्य दृष्टिहीन व्यक्तियों को ब्रेल शिक्षा व पुनर्वास से जोड़ने व निशुल्क नेत्र सेवा के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने कहा। वही डॉ सामंता ने मोतियाबिंद का समय पर शल्य उपचार कराने के साथ साथ मृत्यु उपरांत कार्निया दान करने की अपील की। इस दौरान बीपीएम बृजेश ताम्रकार, नेत्र सहायक अधिकारी विनय कुमार रामटेके, गेमन देवांगन, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक सनत कुमार, सरपंच, पंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### रबी मौसम में धान की फसल नहीं लेने का लिया गया निर्णय

**राजनांदगांव।** छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत खुर्सीपार में फसल चक्र परिवर्तन के लिए विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम के किसानों द्वारा जल संरक्षण के लिए विशेष पहल की गई है। ग्राम पंचायत खुर्सीपार के ग्रामसभा में रबी मौसम में धान की फसल नहीं लेने का निर्णय लिया गया। ग्रीष्मकालीन फसल में चना, तीवरा, मूंग, गेहूं, मक्का जैसी कम पानी उपयोग वाली फसल लेने के लिए चर्चा की गई। जिले में भू-जल स्तर गिरावट के दृष्टिगत ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा आयोजित कर फसल विविधीकरण और जल संरक्षण के लिए सामूहिक रूप से किसानों को जागरूक किया जा रहा है। ग्राम पंचायत खुर्सीपार के विशेष ग्रामसभा में ग्रामीणों को फसल विविधीकरण और जल संरक्षण के संबंध में जानकारी दी गई। ग्रामीणों को बताया कि धान की खेती से भूमि की उर्वरता में कमी होती है। बदलते मौसम और बढ़ते उत्पाद खर्च को देखते फसल पद्धति में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया गया।

## पिछले साल के 16 हजार क्विंटल धान का गबन, राजा राईस मिल पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** जिले के सोमनी समीप खुटेरी में स्थित राजा राईस मिल में पिछले साल का लगभग 16 हजार क्विंटल धान कम पाया गया है। प्रशासनिक जांच के मुताबिक मिलर ने उक्त धान का गबन कर लिया है। जिसके बाद उसके खिलाफ संबंधित अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर धान के अवैध तस्करी के खिलाफ जारी अभियान के तहत एक टीम को खुटेरी स्थित राजा राईस मिल भेजा गया था। मिल में संचालक के उपस्थित नहीं होने पर मुंशी की उपस्थिति में जांच की गई। टीम ने यह देखा कि राईस मिल में कितना धान का स्टॉक है और कितना चावल रखा हुआ है। उसका मिलान पिछले साल के रिकार्ड से किया गया।

एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
NABH Certified
24x7 EMERGENCY SERVICES
श्वसन चिकित्सा, एलर्जी और निद्रा चिकित्सा विभाग
डॉ. तिलेश खुसरो
MBBS
MD (Respiratory Medicine)



रोग
- निमोनिया
- दमा (COPD अस्थमा)
- टी.बी. (क्षयरोग )
- नींद संबंधी विकार (Sleep Apnea)
- एलर्जी
- एलर्जिक ब्रोंकाइटिस
- फेफड़ों का कैंसर एवं अन्य विकार

उपलब्ध सेवाएँ
- प्ल्यूरल टैपिंग
- इंट्रा प्ल्यूरल फिब्रिनोलाइसिस (IPFT)
- इंट्रा प्ल्यूरल प्ल्यूरोडेसिस
- ब्रोंकोस्कोपी
- इंटरकॉस्टल ड्रेनेज
- स्पाईरोमेट्री
- मेडिकल थोरैकोस्कोपी
- पॉलीसोम्नोग्राफी

Deepak Advts.
स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
रामनगर, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
0788-4052040 | 77730 10941
CALL FOR EMERGENCY 62691 62691

सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर
ऑन लाईन स्पेशल ₹~~699~~ एवं उससे अधिक वाली
एक्सपोर्ट क्वालिटी 100% कॉटन
इलास्टिक वाली फिटेड सिंगलबेड 3 बेडशीट ₹449 में
size 140 cm x 190 cm




अविश्वसनीय रेट ऑफर...
ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक व्यक्ति के पास एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 1 सेट दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.
लोहारा रोड, कवर्धा
5% CASHBACK SBI card
*Min. Trxn.: ₹2,350; Max. Cashback: ₹250 per card account; Validity: 13 Dec 2025 - 04 Jan 2026. T&C Apply.
*condition apply

### सुरेठी कुर्मी समाज के लिए छात्रावास एवं भवन विकास हेतु की 30 लाख रूपए की घोषणा

# विजय शर्मा ने पोंड़ी में सुरेठी कुर्मी समाज के सामाजिक भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को कवर्धा के विकासखंड बोड़ला के ग्राम पोंड़ी में सुरेठी कुर्मी समाज के नवनिर्मित सामाजिक भवन का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर सुरेठी कुर्मी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी वे शामिल हुए। उनके ग्राम आगमन पर समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने समाज के उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिनिधियों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने वर्मा समाज के लिए छात्रावास एवं भवन विकास हेतु 30 लाख रूपए की घोषणा की।

लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सुरेठी कुर्मी समाज को नए सामाजिक भवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज के विकास में संस्कारों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार व्यक्ति को सही दिशा में आगे बढ़ाते हैं। यदि संस्कार नहीं हों तो कितनी भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर ली जाए, उसका कोई सार्थक परिणाम नहीं निकलता। उन्होंने हाल ही में हुए आतंकी हमले का उल्लेख करते हुए कहा कि हमले में शामिल लोग पढ़े-लिखे थे, लेकिन उनमें संस्कारों की कमी थी, जिसके कारण वे गलत रास्ते पर चले गए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कोई बच्चा प्रतिदिन सुबह उठकर अपने माता-पिता को प्रणाम करता है, उनके बताए मार्ग का अनुसरण करता है तो वह कभी गलत दिशा में नहीं जाएगा। छत्तीसगढ़ और भारत की संस्कृति में संस्कारों की मजबूत परंपरा रही है, जिसे हमें आने वाली पीढ़ी तक बनाए रखना है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनीराम साहू, वर्मा समाज अध्यक्ष शिवप्रसाद वर्मा, वर्मा समाज के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद वर्मा, रवि वर्मा, शत्रुहन वर्मा, पुराण वर्मा, श्याम वर्मा, अमित वर्मा, पीताम्बर वर्मा, भरत वर्मा, सरपंच मिथिला साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थें।

### केपीएल क्रिकेट प्रतिभावान खिलाड़ियों को किया सम्मानित



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा आयोजित कवर्धा प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में बोड़ला मंडल के नेउरगांव टीम की ओर से खेल रहे लवकेश वर्मा एवं लेंजाखार के पोषण वर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दोनों खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने दोनों को सम्मानित करते हुए प्रत्येक को 5100 रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सिख समाज पंडरिया द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर आयोजित




■ सिख समाज ने सभी डाक्टरों, समस्त सहयोगियों को शील्ड एवं शाल देकर सम्मानित किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

रविवार को सिख समाज पंडरिया एवं संयुक्त धरम प्रचार कमेटी छग द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब की 350 साल शहीदी एवं चार साहिब जादो की महान शहीदी को समर्पित निःशुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें 250 लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया, जिन्हें निःशुल्क दवाईयां वितरित की गई। इस रक्तदान शिविर में 25 दानदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया, तद्उपरांत सभी रक्त दानदाताओं को फल एवं जूस वितरण कर प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

सिख समाज पंडरिया द्वारा जानकारी दी गई कि इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉ वी पी जायसवाल, डॉ के के तिवारी, डॉ अतुल जैन, डॉ संगीता जैन, डॉ मनोज चंद्राकर, डॉ शगुफ्ता परवीन, डॉ कमलेश सत्यपाल ने अपनी सेवाएं मरीजों के इलाज में दी। वहीं जिला चिकित्सालय कबीरधाम एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया का भी विशेष सहयोग इस शिविर को सफल बनाने में रहा एवं राकेश कुमार प्रेमी बीएमओ पंडरिया का विशेष सहयोग रहा। साथ ही साथ शिविर में पल्स पोलियो टीकाकरण का भी आयोजन किया गया, जिसमें 12 बच्चों को पोलियो का टीकाकरण किया गया। जिस पर सिख समाज पंडरिया द्वारा सभी डाक्टरों, सेवादारों एवं समस्त सहयोगियों को शील्ड एवं शाल से सम्मानित किया साथ ही उनका आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### पर्यावरण सुधार के लिए बहुत फायदेमंद है एजोला

**हरिभूमि कवर्धा।** संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कवर्धा के चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत ग्राम धमकी में किसानों व महिलाओं को घर पर पशु चारे एवं जैव उर्वरक बनाने का सस्ता और आसान तरीका किसानों को विस्तार से बताया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ राजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा रावे समन्वयक डॉ चंद्रेश ध्रुवे के नेतृत्व में एवं डॉ चंद्रेश कुमार चंद्राकर एवं डॉ हरेंद्र कुमार के दिशा-निर्देश में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। एजोला एक जलीय पौधा व जैविक उर्वरक, पशुधन और चारा लाभ एवं पर्यावरण के लिए अत्यंत उपयोगी है, तथा यह चावल के लिए एक प्राकृतिक जैव उर्वरक है (नाइट्रोजन स्थिरीकरण और उपज बढ़ाने वाला), एक सस्ता पशु आहार है (दूध-अंडे के उत्पादन को बढ़ाने वाला), खरपतवार नाशक है, और मच्छरों को नियंत्रित करने में मदद करता है, जिससे लागत कम होती है और पशुधन, मुर्गी पालन और फसलों के लिए टिकाऊ खेती को बढ़ावा मिलता है।

# पंच कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण व श्रीराम कथा का भव्य आयोजन 7 जनवरी से, तैयारियां जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम मोहतरा कला में 7 से 15 जनवरी तक नौ दिवसीय पंच कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण एवं श्री राम कथा भव्य आयोजन शिव मंदिर गौठान के पास किया जाएगा।

वहीं समस्त ग्रामवासियो व क्षेत्रवासियों के सहयोग से नौ दिवसीय श्री पंच कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण व श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियां ग्रामवासियों द्वारा जोर-शोर से किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार इस पंच कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण व श्रीराम कथा में यज्ञाचार्य एवं मंच संचालन मेघानंद शास्त्री सिल्हाटी वाले एवं ग्राम आचार्य राधेलाल शर्मा कंझेटा द्वारा किया जाएगा साथ ही साथ मुख्य यजमान श्रीमती कंचनलता प्रहलाद तिवारी रूसे वाले विराजमान होंगे। वहीं श्रीराम चरित कथा का समय 2 बजे से हरि इच्छा तक समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को कथा रसपान कराया जाएगा वहीं इस आयोजन को लेकर मोहतरा कला व क्षेत्रवासियों में भारी भक्तियम का माहौल बना हुआ है।

# नयी चमक रक्तदान व जनकल्याण समिति ने मनाया 10 वां स्थापना दिवस

■ नयी चमक रक्तदान समिति ने 200 युवाओं को किया सम्मानित 110 युवाओं ने किया रक्तदान मानवता की सेवा में समर्पित।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नयी चमक रक्तदान एवं जनकल्याण समिति ने अपने स्थापना के 10 वां वर्ष पूर्ण होने पर स्थानीय पीजी कॉलेज डोम में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर जिले भर से आए 110 युवाओं ने रक्तदान किया। साथ ही 200 युवाओं को समिति ने शील्ड मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर रक्तदाताओं ने इस कार्यक्रम मे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया। जिसमे 50 वां बार रक्तदान करने वाले कुजराम साहू को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित कवर्धा पार्षद अनिल साहू, रेडक्रॉस समन्वयक बालाराम साहू, डीईडी अधिकारी एवं शिक्षक सतीश यदु, यातायात प्रभारी अजय त्रिपाठी प्रमुख रूप से उपस्थित होकर रक्तदान करने वाले रक्तवीरो को यातायात सुरक्षा हेतु जन-जागरूकता के लिए हेलमेट व प्रशस्ति पत्र वितरण कर सम्मानित किया गया।

वहीं नयी चमक समिति जिलाध्यक्ष हरीश साहू ने बताया कि संस्था ने पिछले 10 वर्षो में सेवा कार्यो से एक विशेष उपलब्धि हासिल की है। जिसमें



सिकलसेल और थैलीसीमिया जैसे गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों की मदद करना ही समिति का मुख्य उद्देश्य है। समिति द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर और अन्य सामाजिक सेवा के कार्य किए जाते हैं। उन्होंने सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि आगे भी समिति इसी तरह मानवता की सेवा में समर्पित रहेगी। इस अवसर पर भोरमदेव, संकल्प रक्तदान समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। समिति के जिलाध्यक्ष और समिति प्रमुख सदस्यों ने कार्यक्रम मे आए सभी अतिथियों एवं रक्तदाताओ का कार्यक्रम मे गरिमामयी उपस्थिति प्रदान कर सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

# आंगनबाड़ी केन्द्रो में पिलाई गई पल्स पोलियो की खुराक



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

पंडरिया विकासखंड के अंतर्गत ग्राम भगतपुर, कोलेगांव, पेण्ड्रीकला, घोरपेण्ड्री, धनेली, रापा, नवापारा, बसनी, रेंहुटा, सुरजपुरा, खैलटुकरी सहित आसपास क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों में रविवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मितानिनों द्वारा 0 से 5 वर्ष तक आयु के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद पिलाई गई। ओरल पोलियो वैक्सीन (ओपीवी) की दो बूंदें देकर पोलियो का उन्मूलन करना है। पल्स पोलियो अभियान भारत का एक व्यापक, सरकारी नेतृत्व वाला टीकाकरण अभियान है जिसका उद्देश्य यह अभियान राष्ट्रीय (एनआईडी) और उप-राष्ट्रीय टीकाकरण दिवसों (एसएनआईडी) के माध्यम से बूथ-आधारित और घर-घर जाकर टीकाकरण विधियों का उपयोग करके चलाया जाता है। 1995 में शुरू की गई यह रणनीति पोलियो के मामलों को सफलतापूर्वक कम करने में सफल रही है और वैश्विक उन्मूलन तक जनसंख्या प्रतिरक्षा को बनाए रखने में मदद करती है, यहां तक कि अधिकतम सुरक्षा के लिए बीमार या नवजात शिशुओं का भी टीकाकरण करती है। इस अभियान को सफल बनाने में मितानिन श्रीमती कल्पना कश्यप, श्रीमती सुरुचि चंद्रवंशी, एमटी श्रीमती राजकुमारी चंद्राकर, आगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती तिलोचनी चौहान उपस्थित थे।

# धान खरीदी में तहसीलदारों को कोचियों व बिचौलियों पर कड़ी निगरानी के दिए निर्देश

### कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर तहसीलवार राजस्व से संबंधित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने समय सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें और बिना किसी देरी के समय सीमा के भीतर काम पूरा करें। कलेक्टर ने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरती जाए और प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मामलों की नियमित समीक्षा की जाए। बैठक में अपर कलेक्टर विनय पियाम, नरेंद्र पैकरा, एसडीएम पंडरिया संदीप ठाकुर, कवर्धा चेतन साहू डिप्टी कलेक्टर आर बी देवांगन, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, त्रुटि सुधार के प्रकरणों में अनावश्यक देरी न की जाए और तय समय सीमा के भीतर मामलों को सुलझाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया कि विवादित प्रकरणों के लिए पूर्व में निर्धारित समय सीमा का सख्ती से पालन हो और इनके समाधान में गंभीरता बरती जाए। कलेक्टर ने बैठक के दौरान अधिकारियों को प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने और नागरिकों को त्वरित सेवा प्रदान करने के



निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी के दौरान कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध रूप से धान खपाने की आशंका बनी रहती है, इसलिए इस पर कड़ी निगरानी रखना अत्यंत आवश्यक है।

कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में कोचियों एवं बिचौलियों की गतिविधियों पर सतत नजर रखें और सूचना मिलने पर त्वरित छापामार कार्रवाई करें। उन्होंने विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों पर अधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता बताई, जहां अन्य जिलों अथवा राज्यों से अवैध धान परिवहन की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी पूरी सजगता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप धान खरीदी व्यवस्था को किसान-हितैषी, पारदर्शी और सुचारू बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## अंतराष्ट्रीय सेमिनार में आदिवासी समाज की परंपरा व संस्कृति पर विमर्श

**हरिभूमि कुई कुकदूर।** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर (राजस्थान) में 18 से 20 दिसंबर तक आयोजित अंतराष्ट्रीय सेमिनार में आदिवासी समाज की परंपरा, संस्कृति और सामाजिक संरचना पर विस्तृत चर्चा की गई। इस सेमिनार में वनांचल क्षेत्र नेऊर से शोधकर्ता छात्र खिलेश्वर कृषे ने सहभागिता की। सेमिनार का उद्देश्य आदिवासी समाज की विशिष्ट पहचान, समाज-केंद्रित जीवनशैली, प्रकृति से गहरे जुड़ाव और समतामूलक सामाजिक मूल्यों को रेखांकित करना था। वक्ताओं ने बताया कि आदिवासी समुदाय भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर के संवाहक हैं, हालांकि आधुनिकता और शहरीकरण के कारण उन्हें शिक्षा और सामाजिक स्तर पर भेदभाव जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इस अवसर पर धोबा समाज की पारंपरिक रीति-रिवाजों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि जन्म, विवाह और मृत्यु से जुड़े सभी संस्कार आदिवासी परंपरा के अनुसार किए जाते हैं, जो समाज की सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाते हैं। सेमिनार में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने आदिवासी समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

# जिला चिकित्सालय में चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बच्चों को पोलियो वैक्सीन पिलाकर अभियान का किया शुभारंभ



■ 942 बूथ में 5 वर्ष तक के बच्चों को दी गई पोलियो वैक्सीन की खुराक।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में व्यापक पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ हो गया। जिला चिकित्सालय में इस अभियान का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी द्वारा बेबी मायरा सेन 1 माह एवं अयान साहू 10 माह को पोलियो वैक्सीन की दो बूंद पिलाकर किया। जिले में बनाए गए 942 पल्स पोलियो बूथ पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियों की दो बूंद दी गई। छुटे हुए बच्चों को 22 एवं 23 दिसम्बर 2025 को घर-घर भ्रमण कर पोलियों की दो बूंद पिलाई जाएगा।

कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन पर जिले में पल्स पोलियो अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत 28525, बोड़ला 24758, सहसपुर लोहारा 20175 तथा पण्डरिया में 39625 कुल 1,13,083 (एक लाख तेरह हजार तिरासी) बच्चो को कार्ययोजना अनुसार पोलियो की वैक्सीन पिलाये जाने का लक्ष्य है। जिस हेतु जिले में 942 बूथ बनाए गए है। जिला स्तरीय टीम द्वारा भी अलग-अलग विकासखंड में निरीक्षण किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ डी के तुरे ने बताया कि भारत में 2011 के बाद पोलियों का एक भी प्रकरण रिपोर्ट नही किया गया है एवं निरंतर पोलियों की पहचान हेतु सर्विलेंस किया जाता है। पोलियों से बचाव के लिए एक साथ सभी बच्चों को पोलियों के अतिरिक्त खुराक दी जाती है ताकि संक्रमण को रोका जा सकें। उन्होंने बताया की विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले क्षेत्रो जैसे गुड़ फैक्ट्री, ईट भट्ठा, बस स्टैंड, घुमंतू बसाहटो व शहरी स्लम एरिया में निगरानी की जाएगी व छूटे हुए बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी

उक्त शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ डी के तूरे, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ केशव ध्रुव, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सलिल मिश्रा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ नवनीत सिंग ठाकुर, डॉ जितेंद्र वर्मा, डॉ हर्षित तुवानी, डॉ मुकुंद राव, जयंत कुमार, आनंद दास, श्रीमती अनीता तिवारी, श्रीमती कृष्णा वासनिक एवं जिला अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित थें।

### बालमुकुंद चंद्रवंशी ने बूथ का शुभारंभ कर, बच्चों को पल्स पोलियो की दवाई पिलाई

# कुण्डा के 3 बूथों में 500 बच्चों को दिया गया पल्स पोलियो का खुराक

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

रविवार को ग्राम कुण्डा में पल्स पोलियो अभियान के तहत 3 बूथों में लगभग 500 बच्चों को पल्स पोलियो का खुराक दिया गया एवं टीकाकारण किया गया। जिले में 21 से 23 दिसंबर तक व्यापक पल्स पोलियो टीकाकरण का आयोजन किया जा रहा है, यह अभियान 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षित भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है।

पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत भारत सरकार 1994 में दिल्ली में डॉ हर्षवर्धन के नेतृत्व में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में की थी, जिसे बाद में 1995 में पूरे देश में पल्स पोलियो अभियान के रूप में अपनाया गया, जिसका उद्देश्य 5 साल से कम उम्र के बच्चों को पोलियो की बूंदे पिलाकर देश से पोलियो का उन्मूलन करना था जिसके दो बूंद जिंदगी की टैगलाइन




मशहूर हुई और राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी रामनाथ कोविंद जैसे कई राष्ट्रपतियों ने शुभारंभ किया। इसी कड़ी में ग्राम कुण्डा में पल्स पोलियो का खुराक 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियो का खुराक दिया गया, स्वास्थ्य विभाग कुण्डा द्वारा पोलियो खुराक के 3 जगह बूथों की व्यवस्था की गई थी। जिसमें कबीर मंदिर चौक के सामने मोबाइल टीम एवं पंचायत भवन व हाईस्कूल के सामने बूथों में बच्चों को खुराक दिया।

ग्राम पंचायत भवन के सामने बूथ का शुभारंभ मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, सरपंच कुण्डा हरेंद्र चंद्राकर एवं नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा कृष्णा चंद्राकर द्वारा किया गया।

वहीं कुण्डा में लगभग 5 सौ बच्चों को पल्स पोलियो का खुराक दिया गया, इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद, वरिष्ठ भाजपा नेता रामस्वरूप साहू, कृष्ण चंद्राकर, सरपंच हरेंद्र चंद्राकर, उपसरपंच मुमताज अहमद, सोसायटी अध्यक्ष अमन खनूजा, गणेश सोलंकी, लव साहू, मोहन गुप्ता, मनीष सोनवानी सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थें।


हरिभूमि
24TH
YEARS
ANNIVERSARY
CELEBRATION
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 24वें
स्थापना दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
डॉ. सियाराम साहू
पूर्व संसदीय सचिव
(छ.ग.शासन)
वीरेन्द्र साहू
सभापति जिला पंचायत एवं
जिला उपाध्यक्ष भाजपा कबीरधाम


KAMLA
HOSPITAL
कमला हॉस्पिटल के नए सर्वसुविधायुक्त
भवन के शुभारंभ एवं
हरिभूमि
के 24 वे स्थापना दिवस पर
हार्दिक
शुभकामनाएं...
बधाई
बधाई
हरिभूमि
24TH
YEARS
ANNIVERSARY
CELEBRATION
डॉ. सिद्धार्थ जैन MD (मेडिसिन)
IMS BHU
पता : कमला हॉस्पिटल, बायपास चौक राजनांदगांव रोड, कवर्धा
शुभेच्छु - एक शुभ चिंतक कवर्धा


जनहित के मुद्दो व जनमानस की समस्या को प्रमुखता से
स्थान देने वाले समाचार पत्र
हरिभूमि
हरिभूमि
24TH
YEARS
ANNIVERSARY
CELEBRATION
हिंदी समाचार, निष्पक्ष, निर्भीक और सिर्फ सच...
के स्थापना दिवस पर पाठकों एवं संवाददाताओं को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
नवीन जायसवाल
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम (छ.ग.)
नवीन जायसवाल

**हादसा: करीब घंटे भर की मशक्कत के बाद दमकल की टीम ने आग पर पाया काबू**

# कवर्धा के कचरा प्रबंधन केंद्र में लगी भीषण आग, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शहर के वार्ड नंबर 3 स्थित कैलाश सरोवर के पास नगर पालिका के स्लेम (अवशिष्ट कचरा प्रबंधन) केंद्र में रविवार की दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने केंद्र में रखे पूरे कचरे को अपनी चपेट में ले लिया और स्लेम केंद्र से आग की ऊंची-ऊंची लपटें तथा काले घुंआ का गुबार उठने लगा। जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की भयावहता इतनी अधिक थी कि केंद्र में जमा सारा कचरा जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। करीब घंटे भर की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया लेकिन इस अग्नि दुर्घटना में पूरा कचरा और केन्द्र में रखी अन्य उपयोगी सामग्री खाक हो गई। लेकिन गनीमत इस बात की रही कि फायर ब्रिगेड समय पर पहुंच गई, अन्यथा इस बात की पूरी आशंका थी कि आग पास के रिहायशी इलाके तक फैल सकती थी और बड़ा नुकसान हो सकता था।



### आग लगने का कारण अज्ञात

बताया जाता है कि घटना के समय स्लेम (अवशिष्ट कचरा प्रबंधन) केंद्र बंद था। जिसके कारण फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बना रहा। इस सनसनीखेज आगजनी की घटना ने नगर पालिका की कचरा प्रबंधन व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

### बीच बस्ती में अवशिष्ट कचरा प्रबंधन केंद्र खतरनाक

इस अग्नि दुर्घटना के बाद अब इस बात को लेकर भी सवाल खड़ा हो गया है कि कवर्धा नगर में बीच बस्ती के भीतर अवशिष्ट कचरा प्रबंधन केंद्र कितना खतरनाक साबित हो सकता है। यहां बताना लाजिमी होगा कि शहर भर से संग्रहित तरह-तरह का कचरा यहां लाया जाता है। जिसमें कई खतरनाक, ज्वलनशील और अन्य प्रकार के अवशिष्ट होते हैं। ऐसे में इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि यह स्थिति कभी भी खतरनाक हो सकती है ऐसे में शासन, प्रशासन तथा नगर पालिका को बीच बस्ती में अवशिष्ट कचरा प्रबंधन केंद्र के संचालन को लेकर विचार करने की जरूरत महसूस की जा रही है।

# पोलमी छात्रावास में अध्यनरत कक्षा 6 वीं की छात्रा की संदिग्ध मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के वनांचल ईलाकों में आदिमजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित आश्रम एवं छात्रावासों में एक के बाद एक आ रही जिम्मेदारों की मनमानी, भर्राशाही और गैरजिम्मेदारी के बीच एक बार फिर विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम पोलमी में संचालित आवासीय विद्यालय में अध्यकनरत एक छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का गंभीर मामला सामने आया है। घटना की जानकारी के बाद पुलिस व प्रशासन छात्रा की मौत के मामले की जांच में जुट गई है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार पंडरिया ब्लॉक के पोलमी आवासीय विद्यालय में अध्यनरत कक्षा छठवीं की छात्रा राजेश्वरी बैगा गत 20 दिसम्बर को परीक्षा दिलाने के लिए गई थी। बताया जाता है की शाम को जब वह परीक्षा दिलाकर अपने आवासीय विद्यालय लौटी तो अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। जिसके बाद आवासीय विद्यालय प्रबंधन द्वारा बीमार छात्रा का प्रारंभिक ईलाज कराया गया और परिजनो को इस बात की सूचना देकर छात्रा को परिजनो के साथ घर भेज दिया गया। परिजनो की माने तो छात्रा राजेश्वरी बैगा को आवासीय विद्यालय से घर लाने के बाद रात में उसकी तबियत फिर खराब हो गई और उसे तत्काल कुकदुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। लेकिन यहां छात्रा का ईलाज शुरू भी हो पाता है कि उससे पहले ही छात्रा ने दम तोड़ दिया। जिसकी जानकारी अस्पताल प्रबंधन ने तत्काल आवासीय विद्यालय प्रबंधन तथा कुकदुर पुलिस को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि जो स्वस्थ छात्रा सुबह बकायदा परीक्षा दिलाने गई थी उसके वापस आने के बाद आवासीय विद्यालय में ऐसा क्या हुआ कि छात्रा की तबियत इतनी बिगड़ गई की उसकी मौत हो गई। बहरहाल पुलिस अब मामले की जांच कर रही है देखने वाली बात होगी की छात्रा की संदिग्ध मौत की वजह कब तक स्पष्ट हो पाती है।




### जांच में होगा छात्रा की मौत का कारण स्पष्ट

आदिम जाति कल्याण विभाग के आयुक्त के मुताबिक शनिवार को पोलमी कन्या छात्रावास की छात्रा राजेश्वरी जो कि 6 वीं की छात्रा थी, उसकी अचानक तबियत बिगड़ गई थी. हॉस्टल अधिक्षिका ने छात्रा को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने छुट्टी दे दी। शीतकालीन छुट्टी के चलते छात्रा के परिजन आकर बच्ची को घर ले गए, जहां शाम को फिर उसकी तबीयत बिगड़ गई। तब परिजनों ने बच्ची को कुकदूर अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उसकी मौत हो गई। मैंने रात को ही नोडल अधिकारियों को मौके में भेजा था। अभी वह खुद भी जा रहा है। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि बच्ची की मौत कैसे हुई।

## खबर संक्षेप

### तुलसी पुनः बने प्रदेश के सेवार्थ विद्यार्थी संयोजक



**कवर्धा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ का प्रदेश अधिवेशन भिलाई में सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। अधिवेशन के दौरान एबीवीपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विकास पाण्डेय ने सत्र 2025-26 के लिए प्रदेश की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। इसी क्रम में संगठन ने सेवा आयाम सेवार्थ विद्यार्थी के प्रदेश संयोजक के रूप में तुलसी यादव को पुनः दायित्व सौंपा है। यह दायित्व उनकी निरंतर संगठनात्मक सक्रियता, सेवा कार्यों के प्रति समर्पण एवं छात्र समाज में सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए पुनः प्रदान किया गया है।

### तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ की आवश्यक बैठक 21 दिसम्बर को आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ की सीडी महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय बैठक पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय बैठक में शामिल होने के लिए जिसे जिला अध्यक्ष दिलीप चंद्रवंशी सहित 5 सदस्य पदाधिकारियों के शामिल होने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिले में पेंशन फोरम का गठन किया गया तथा अधिक से अधिक सदस्य बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कर्मचारी संगठनो के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस ने दिया धरना

**मनरेगा को कमजोर करने एवं व्यवहारिक रूप से बंद का आरोप**



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम (कवर्धा) द्वारा रविवार को भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया।

यह धरना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को योजनाबद्ध तरीके से कमजोर करने एवं व्यवहारिक रूप से बंद करने की मंशा के विरोध में किया गया। धरना की शुरुवात में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल चित्र में माल्यापर्ण कर व पूर्व मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश स्व. मोतीलाल बोरा की पुण्य तिथि में श्रद्धांजलि अर्पित कर प्रारंभ किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए शहर अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि मनरेगा देश की सबसे महत्वपूर्ण, महत्वाकांक्षी और जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है, जिसने करोड़ों ग्रामीण गरीबों, मजदूरों, किसानों और वंचित वर्गों को रोजगार की गारंटी प्रदान की है। ऐसी योजना को समाप्त करना भाजपा सरकार की गरीब-विरोधी और श्रमिक-विरोधी सोच को उजागर करता है। पूर्व विधायक ममता चंद्राकर ने केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि भाजपा सरकार को रोजगार गारंटी से नहीं, बल्कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के नाम और उनके विचारों से आपत्ति है। इसी मानसिकता के चलते मनरेगा से महात्मा गांधी जी का नाम हटाने तथा योजना को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है, जो न केवल गांधी जी के सम्मान पर हमला है, बल्कि संविधान के मूल्यों के भी विरुद्ध है। कार्यक्रम का संचालन राजीव युवा मितान क्लब के पूर्व समन्वयक मनीष शर्मा ने किया। धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के चित्रों के साथ शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए उनके नाम, विचार और मूल्यों को मिटाने की साजिश का विरोध किया। जिला कांग्रेस कमेटी ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी गरीबों, किसानों, मजदूरों और ग्रामीण भारत के अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव संघर्षरत रही है और आगे भी इस लड़ाई को पूरी ताकत से जारी रखेगी।

### केन्द्र सरकार से कांग्रेस ने की मांग

जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम ने भाजपा सरकार से मांग की है कि मनरेगा को कमजोर करने के सभी निर्णय तुरंत वापस लिए जाएं, योजना को पूर्ण रूप से लागू किया जाए तथा ग्रामीण रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, प्रदेश सचिव पीसीसी जगमोहन साहू, कवर्धा शहर अध्यक्ष अशोक सिंह, लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष सौखीराम साहू, ठाठापुर ब्लॉक अध्यक्ष सतीश गहरवार, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीमा अनंत, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रभान कोशले, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रवि चन्द्रवंशी, जिला संगठन महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी, प्रदेश सचिव अतुल बरगाह, अनुसूचित जाति कांग्रेस के अध्यक्ष राजेंद्र मारकंडे, नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी संतोष यादव पूर्व अध्यक्ष महेंद्र कुंभकार,अगम अनंत, मनीष शर्मा, आनंद सिंह, आकाश केसरवानी, सत्येंद्र वर्मा, राजेंद्र चंद्रवंशी, लेखा राजपूत, शिवप्रसाद वर्मा, पंचू केसरिया, धीरज सिंह, अजहर खान, विनोद चंद्रवंशी, भीषण पाण्डेय, भोला चंद्रवंशी, छवि वर्मा, मेहुल सत्यवंशी, चेतन वर्मा, शिव गायकवाड, नरेंद्र वर्मा, वैभव ठाकुर सुजल ठाकुर सहित बड़ी संख्या में जिला कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आबकारी विभाग ने जब्त की 45 लीटर कच्ची महुआ शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कबीरधाम आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन प्रकरणों में कुल 45 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 220 किलो ग्राम महुआ लाहन जब्त किया है। इस कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, जबकि एक अज्ञात आरोपी की तलाश जारी है। इस संबंध में विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग को आबकारी वृत्त कवर्धा क्षेत्र में अवैध शराब के धारण एवं परिवहन की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर गत 20 दिसंबर को गश्त के दौरान ग्राम परसादबरी एवं सिंगपुर में दबिश दी गई। तलाशी के दौरान शहरु बैगा के कब्जे से 10 लीटर एवं राजाराम बैगा के कब्जे से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। इसके अलावा ग्राम सरोदा के जंगल क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से संग्रहित 20 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 220 किलो महुआ लाहन जब्त किया गया। जब्त सामग्री का कुल बाजार मूल्य लगभग 15,500 रुपये आंका गया है। मामले में आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। अज्ञात आरोपी की पतासाजी जारी है। यह कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में आबकारी वृत्त बोड़ला की टीम द्वारा की गई, जिसमें आबकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।



### रवेली जोन स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन



**कवर्धा।** रवेली जोन स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन शाला प्रांगण कान्हाभैरा में किया गया। प्रतियोगिता में जोन रवेली शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अंतर्गत 9 संकुलो का रंगारंग भव्य शुभारंभ झंडा तख्ती लेकर मार्चपास्ट करते हुए अतिथियों को सलामी देते हुए किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र चंद्रवंशी जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जिला कबीरधाम उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। यहां शिक्षा विभाग, खेल विभाग एवं प्रतियोगिता से सम्बंधित अधिकारी एवं खेल प्रेमी जनता बड़ी संख्या में मौजूद थे। प्रतियोगिता के शुभारंभ पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनकी हौसला अफजाई की। इस दौरान स्कूली छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर मोतीराम चंद्रवंशी पूर्व विधायक संसदीय सचिव पंडरिया, कैलाश चंद्रवंशी जिला पंचायत उपाध्यक्ष जिला कबीरधाम, गणेश तिवारी जनपद उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा, रोशन परिहार पूर्व सरपंच पथर्रा, श्रीमती जमुना गणेश चंद्रवंशी सरपंच कान्हाभैरा, अशोक चंद्रवंशी ग्राम पटेल कान्हाभैरा उपस्थित थे। प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। समापन अवसर पर प्रतिभागी विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार, मेडल, प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कवर्धा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



**कवर्धा।** 54 वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप में कवर्धा के 2 खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रतिभाग का प्रदर्शन किया है। जानकारी के मुताबिक इस सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन हुगली पश्चिम बंगाल में 15 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के टीम से चयनित खिलाड़ी मोहम्मद गनी खान पिता अब्दुल रहमान तथा सुमित कुमार यादव पिता शिव कुमार शामिल थे। इस प्रतियोगिता में देश के सभी राज्य के साथ-साथ रेलवे, सेना तथा सर्विसेस जैसी बड़ी टीमों ने हिस्सा लिया। लेकिन छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने सभी मैच जीतते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ की टीम ने फाइनल मैच में कर्नाटका को एक बड़े अंतर से हराकर टूर्नामेंट में अपना दबदबा बना लिया। मैच का स्कोर 43-29 रहा। सेमीफाइनल मैच वेस्ट बंगाल विरुद्ध छत्तीसगढ़ खेला गया जिसका परिणाम छत्तीसगढ़ 36 और वेस्ट बंगाल 37 रहा। कांटे के इस मुकाबले में मेजबान ने जीत हासिल की। लेकिन फिर भी छत्तीसगढ़ की टीम ने 6 साल बाद ये खिताब अपने नाम कर पाई। इस सफलता के लिए सीनियर खिलाड़ी नंद कुमार साहू, सलमान खान, क्षितिज शुक्ल, उदय साहू, प्रह्लाद निर्मलकर, इस्माईल खान, सोहम चंद्राकर, कनक माली, प्रियंका बर्वे आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए टीम के खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी है।

**एसबीआई संजीवनी मोबाइल मेडिकल यूनिट टीम ने 139 ग्रामीणों को दी स्वास्थ्य सुविधाएं**

# ग्राम लरबक्की में निःशुल्क विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से शिखर युवा मंच द्वारा संचालित एसबीआई संजीवनी मोबाइल मेडिकल यूनिट टीम कबीरधाम के तत्वावधान में 21 दिसम्बर को ग्राम लरबक्की में एक दिवसीय निःशुल्क विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्त्री रोग एवं शिशु रोग से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान, उपचार एवं जागरूकता प्रदान करना रहा। साथ ही इस अवसर पर पल्स पोलियो अभियान को भी प्रभावी रूप से संचालित किया गया। इस विशेष स्वास्थ्य शिविर में ग्राम लरबक्की सहित आसपास के 10 गांवों से कुल 139 ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। शिविर के दौरान महिलाओं, बच्चों एवं सामान्य मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। इनमें से 52 मरीजों की लैब जांच कर आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। स्त्री रोग से संबंधित परामर्श, गर्भवती महिलाओं की जांच, बच्चों की सामान्य बीमारियों की पहचान एवं उपचार के साथ-साथ पोषण एवं स्वच्छता संबंधी आवश्यक सुझाव भी दिए गए। वहीं पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई गई तथा अभिभावकों को पोलियो उन्मूलन के महत्व, नियमित टीकाकरण एवं बच्चों के संपूर्ण स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। अभियान का उद्देश्य बच्चों को आजीवन दिव्यांगता से बचाना एवं पोलियो मुक्त भारत के लक्ष्य को सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम के सरपंच राजेन्द्र कुंजाम, सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती एफ. सिन्हा, गायत्री रजक आरएचओ महिला, ग्राम के वरिष्ठजनों एवं मितानिनों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में एसबीआई फाउंडेशन एवं एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम द्वारा किए जा रहे स्वास्थ्य सेवा कार्यों की सराहना की तथा ऐसे शिविरों को ग्रामीण जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. शोनल शर्मा, डॉ. राम यादव, डॉ. लखन सिंह एवं डॉ. पुन्दिास मानिकपुरी द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गईं। चिकित्सकों ने मरीजों को सरल भाषा में उनकी स्वास्थ्य समस्याओं की जानकारी दी एवं आवश्यक सावधानियों के बारे में समझाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मितानिन श्रीमती अमरतिया बाई, श्रीमती बिसो बाई, मितानिन हिरौन्दा बाई सहित अन्य मितानिनों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने ग्रामीणों को शिविर तक लाने, पंजीयन कराने एवं पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।




# आरएसएस शताब्दी वर्ष पर कवर्धा के जमात मंदिर में भव्य हिन्दू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगर की वीर सावरकर बस्ती (क्रमांक पांच) स्थित जमात मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दू जागरण को नई ऊर्जा व चेतना प्रदान करना तथा सनातन संस्कृति, धर्म और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना रहा। बस्तीवासियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। सम्मेलन में साहू समाज के जिला अध्यक्ष पतिराम साहू, ठाकुर समाज के अध्यक्ष चंदू ठाकुर, डॉ. कपिल चंद्रवंशी, पार्षद श्रीमती मनीषा अनिल साहू (वार्ड 20), राजू पांडे (वार्ड 21), श्रीमती रेखा हरीश साहू (वार्ड 23), अजय ठाकुर (वार्ड 22), श्रीमती किरण केशरीचंद सोनी (वार्ड 19) सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं वार्डवासी उपस्थित रहे। निर्मोही अखाड़ा के संत महंत देवनाथ दास शास्त्री ने हिन्दू धर्म व अध्यात्म पर सारगर्भित प्रवचन देते हुए सनातनी समाज को आशीर्वचन प्रदान किया। मुख्य वक्ता हलधरनाथ योगी, सामाजिक वक्ता शेखर बख्शी एवं मातृशक्ति वक्ता कृतिका सिंह ने पंच परिवर्तन-स्वाधारित जीवन, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्यबोध, शिष्टाचार तथा पर्यावरण संरक्षण-पर विचार रखे और समयानुकूल राष्ट्रहित में सकारात्मक परिवर्तन अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान सावरकर बस्ती निवासी वीर कारसेवक सुशील तिवारी, अश्वनी सिंह ठाकुर एवं कमलेश मिश्र तिलक कर, प्रतीकात्मक सम्मान स्वरूप श्रीफल व भगवा वस्त्र भेंट किए गए। भारत माता की सामूहिक आरती के साथ सम्मेलन का समापन हुआ। कार्यक्रम की सफलता में विशाल हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समिति में सुशील तिवारी, सागर सिंह राजपूत, सचिन श्रीवास्तव, प्रभू राजपुरोहित, कुशाल सिंह ठाकुर, मनोज ठाकुर, अजित पात्रों, दिलीप सोनी, नंदकिशोर सोनी, दीपक ठाकुर, सूर्यकांत सोनी, भूपेंद्र सिंह, तरुण साहू, नेम सिंह एवं विश्वजीत सिंह का विशेष योगदान रहा।